डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. NO. RAJHIN/2006/16735 राजस्थान एवं केन्द्र सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

रॉयल पत्रिका न्यूज पेपर, वेबसाइट और डिजिटल में विज्ञापन के लिए संपर्क करें - 9799559096

# रॉयल पत्रिका

मुस्लिम रिश्तों और नौकरियों के लिए पढ़े पेज 5

वर्ष :19 | अंक : 24 | पेज: 8 | जयपुर, सोमवार,15 जुलाई से 21 जुलाई 2024 | मूल्य: 5 रुपए

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों के जरिए मुसलमान के वोट तो लेना चाहती है लेकिन उनको अधिकार कुछ नहीं देना चाहती

**-भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के किसी भी पदाधिकारी की अल्पसंख्यक आयोग, बोर्ड एवं कमेटियों में नहीं की गई है नियुक्ति**

**-भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के पदाधिकारी मुस्लिम समाज के लोगों के सरकार और सरकारी दफ्तरों में कोई काम नहीं करवा सकते हैं, उन्हें सरकार में बैठे मंत्री और अधिकारी कोई तवज्जो नहीं देते हैं**

**एम.खान**

जयपुर। (रॉयल पत्रिका) अभी हाल ही में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के स्टेट पदाधिकारी की बैठक हुई जिसमें मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी भी शामिल थे । भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी और प्रदेश अध्यक्ष हमीद मेवाती ने कार्यकर्ताओं से मुसलमानो में भाजपा को मजबूत करने और प्रदेश एवं केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया । पदाधिकारियों ने प्रदेश के उपचुनाव में भाजपा के उम्मीदवारों को जीताने के लिए मुसलमानो में मेहनत करने के लिए कार्यकर्ताओं से कहा । भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता और कुछ मुस्लिम अधिकारी और कर्मचारी मेहनती हैं, अच्छी सोच रखते हैं । लेकिन भाजपा पार्टी में और सरकार में उनके पास कोई अधिकार नहीं है । मोर्चा के पदाधिकारी मुस्लिम समाज के लोगों के काम के लिए दबाव नहीं बना पाते हैं और ना ही मुस्लिम समाज के लिए भाजपा सरकार द्वारा चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बता पाते हैं। क्योंकि एसी एक भी योजना नहीं है जिससे मुसलमानों का भला हो सके ऐसे में मुस्लिम समाज बीजेपी से कैसे जुड़ सकता है । मोर्चा के पदाधिकारी की बात क्यों माने । भाजपा और संघ के नेताओं के भड़काऊ भाषणों और पूर्व केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा केंद्र सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों की कई योजनाओं को बंद करने और विभाग का बजट कम करने को लेकर देश के अल्पसंख्यक पहले से नाराज हैं ।




### भाजपा को क्यों वोट दें मुसलमान ?

मुस्लिम वर्ग के काफी लोग भाजपा से जुड़ना चाहते हैं क्योंकि उनकी सोच है कि मुस्लिम वर्ग के साथ राजनीतिक पक्षपात का दौर बंद होना चाहिए । मुसलमान भी देश के विकास में बराबर के भागीदार बनना चाहते हैं, लेकिन कोई भी राजनीतिक दल मुसलमान को बराबरी का दर्जा नहीं देना चाहता है । सभी दल मुसलमान को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करना चाहते हैं । देश में लोकसभा में इंडिया गठबंधन काफी मजबूत हुआ है । इंडिया गठबंधन की मजबूती में मुसलमानो का बड़ा योगदान है । फिर भी इंडिया गठबंधन के दल कोई मजबूत मुस्लिम नेता नहीं चाहते हैं । भाजपा तो देश में मुसलमानो के विरोध में हवा बनाकर चुनाव लड़ती है और विधायक एवं सांसद के लिए मुसलमानो को टिकट नहीं देती है । ऐसे में भाजपा की ओर मुसलमान कैसे आकर्षित हो । भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा में पदाधिकारियों को भी सरकार में ना तो अच्छी नियुक्ति देती है और ना ही मुसलमान के काम करने के लिए उनको अधिकार देती है । यदि भाजपा की टॉप लीडरशिप पार्टी को मजबूत करने की सोच रखती है तो भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों को अधिकार और ताकत दोनों देनी होगी । अल्पसंख्यक वर्ग के बोर्ड, निगम और कमेटियों के अलावा उनको ताकतवर बनाने के लिए भाजपा सरकार में नियुक्तियां देनी होगी। बिना मुसलमानो के विकास और कल्याण की सोच के भाजपा मुसलमानो के वोट नहीं ले सकती है ।

### मुसलमानों की राजनीतिक ताकत

देश में मुसलमान 15% जनसंख्या के साथ सबसे बड़ा अल्पसंख्यक वर्ग है । कई प्रदेशों में तो मुसलमान की जनसंख्या 35% तक है । मुसलमान यदि यह सोच लें कि उसे किसी राजनीतिक दल को नुकसान करना है तो नुकसान हो जाता है । यही कारण है कि 400 प्लस का नारा देने वाली भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 में 240 पर ही सिमट गई । भाजपा ने भी बिना मुसलमानो के देश में राजनीति करने का कीर्तिमान बना दिया है । इंडिया गठबंधन के दल जिनके पास ज्यादा कुछ करने के लिए नहीं है । लेकिन भाजपा विरोध के चलते उन्हें मुसलमानो का भरपूर समर्थन मिल गया । जबकि देश में कोई भी राजनीतिक पार्टी और धर्म जाति एवं वर्ग के लोग एक दूसरे के लिए अछूत नहीं होने चाहिए । देश के विकास और मजबूती के लिए सबका साथ और सबका विकास की थीम पर काम करना चाहिए ।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की शिष्टाचार भेंट



जयपुर (रॉयल पत्रिका) । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच केंद्र और राज्य सरकार की कृषक कल्याणकारी योजनाओं और कृषि से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्रीय मंत्री को राज्य सरकार द्वारा कृषक कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि इस बार के राज्य बजट में कृषि विकास एवं कृषक कल्याण के लिए 96 हजार करोड़ से अधिक का प्रावधान किया गया है। इस अवसर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर. चौधरी उपस्थित रहे।

## झुंझुनू आयेंगे राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी

**26 जुलाई को आयोजित कारगिल विजय दिवस" के सिल्वर जुबली कार्यक्रम में करेंगे शिरकत**



झुंझुनू। डॉ. सलाउदीन चोपदार फाउंडेशन झुंझुनू के सदस्य कैप्टन सुल्तान खान, कैप्टन टीपू सुल्तान व फाउंडेशन के डायरेक्टर एवं राजस्थान मदरसा बोर्ड चेयरमैन एम.डी. चोपदार ने दिल्ली पहुंचकर राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी को झुंझुनू आने का न्यौता दिया। जिसे इमरान प्रतापगढ़ी ने सहर्ष स्वीकार किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सलाउदीन चोपदार फाउंडेशन झुंझुनू के डायरेक्टर एम.डी. चोपदार ने बताया कि 26 जुलाई के कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में बतौर अतिथि मेजर जनरल ए.जे.बी. जानी, कर्नल आर.के. शर्मा, लेफि. जनरल एस. एस. कटेवा (वी.एस.एम.). ब्रिगेडियर अजीत सिंह, ब्रिगेडियर साकिब खान, पूर्व आईएएस अशफाक हुसैन, कर्नल शौकत अली खान व झुंझुनू के जिला सैनिक कल्याण अधिकारी शामिल होगें। इस अवसर पर शेखावाटी के सभी पूर्व सैनिक एवं उनके परिजन उपस्थित रहेंगे। "कारगिल विजय दिवस" की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में शेखावाटी (झुन्झुनूं, चुरू, सीकर, नीम का थाना) के कारगिल युद्ध में विजेता योद्धाओं एवं कारगिल शहीदों की वीरांगनाओं का सम्मान किया जायेगा।

## चंद्रशेखर आजाद मुसलमानों की आवाज उठा रहे हैं

**-उन्होंने कहा कि जब कावड़ यात्रा के लिए कई दिनों के लिए सड़के बंद हो सकती हैं तो नमाज के लिए आधा घंटा क्यों नहीं**

**-कांग्रेस सांसद ने जवाब देते हुए कहा कि सड़क पर नमाज अल्लाह को भी कबूल नहीं**



जयपुर । आजाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की नगीना लोकसभा सीट से सांसद चन्द्रशेखर ने अपनी भविष्य की राजनीति शुरू कर दी है । सांसद चंद्रशेखर आजाद उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में दलित मुस्लिम का मजबूत गठजोड़ चाहते हैं । यही कारण है कि उन्होंने संसद में दलितों पीड़ितों, पिछड़ों के साथ-साथ मुसलमानो की भी आवाज उठाई । संसद के बाहर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार कांवड़ यात्रा के लिए कई दिनों तक रोड बंद कर सकती है तो मुसलमानो की वर्ष में एक बार आधा घंटे की नमाज के लिए रोड बंद क्यों नहीं कर सकती है । चंद्रशेखर की बढ़ती लोकप्रियता और राजनीति से बसपा सुप्रीमो बहन मायावती, समाजवादी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, भाजपा और कांग्रेस को बेचैनी होने लगी है । यही कारण है कि कांग्रेस से सांसद इमरान मसूद ने कहा कि सड़कों पर नमाज अल्लाह को भी कबूल नहीं है । जब सांसद इमरान मसूद को यह पता है तो उन्होंने वर्षों से चुप्पी क्यों साध रखी है । क्यों उन्होंने नई मस्जिदें, ईदगाहों को बनाने की आवाज नहीं उठाई । मुस्लिम आबादी के हिसाब से मस्जिदों और ईदगाहों में जुमा और ईद के दिन नमाजियों के लिए जगह कम पड़ जाती है । लेकिन कांग्रेस को राजनीतिक नुकसान की चिंता करते हुए सांसद इमरान मसूद ने मुसलमानो के बारे में बोलना शुरू किया है । दूसरी तरफ चंद्रशेखर आजाद अब समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आज़म खान पर हुए अत्याचारों पर बोलने लगे हैं तो क्या कांग्रेस के मुस्लिम नेता या समाजवादी पार्टी के मुस्लिम नेता आज़म खान पर हुए अत्याचारों पर बोल सकेंगे । ऐसा लगता नहीं है, इसलिए यह तय माना जा रहा है कि उत्तर प्रदेश में दलित और मुसलमानो में चंद्रशेखर आजाद की पैठ बढ़ेगी । उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेता आज़म खान बड़े नेता हैं और उनके पक्ष में बोलकर योगी सरकार पर हमला बोलना चंद्रशेखर आजाद की भविष्य की राजनीति के संकेत हैं ।








# जब तक सिविल लाइन पुलिया के नीचे नहीं होगा नये नालों का निर्माण तब तक भरता रहेगा पानी



टोंक (रॉयल पत्रिका)। यहां टोंक में पहली तेज़ धमाकेदार बारिश के दौरान शहर के कई हिस्सों में पानी भर गया। नालों की सफाई और शहर में पानी की बेहतर निकासी के प्रयासों को लेकर कोशिश में लगी नगर परिषद की टीम भी उस समय असहाय नजर आई जब शहर की गली मोहल्लों और घरों में पानी भर गया। कई मोहल्ले में घरों में पानी भरने से भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। आलम यह था के शहर के कई हिस्सों में पानी भर चुका था और बाजार में भी कई जगह यह पानी जमा हो गया। आगे सिविल लाइन पुलिया के नीचे से निकास का नाला छोटा होने के कारण पानी हर जगह भरता नजर आया। याद रहे कि पूरे शहर के पानी की निकासी यहां आकर एक छोटे से नाले से ही होती है। नगर परिषद या प्रशासन की लाख कोशिश रहती है कि शहर के नालों को और कई क्षेत्रों को बरसात से पहले साफ कर दिया जाए ताकि पानी घरों या मोहल्लौ में नहीं भरे लेकिन हमेशा बारिश में देखा गया है कि आगे निकासी का रास्ता चौड़ा नहीं होने से पानी शहर के हिस्सों में भर जाता है। इस बारिश में भी यही हुआ है प्रशासन दरअसल इसके सही मर्ज की दवा ही नहीं कर पा रहा है। इसका सही ठोस इलाज ही है सिविल लाइन के पुलिया के नीचे से शहर के कई हिस्सों से आने वाला पानी नाला छोटा होने के कारण पूरी तरह पानी को निकाल नहीं पाता। जब तक प्रशासन यहां दो-तीन नालों का निर्माण नहीं करा पाएगा तब तक सिविल सड़क के नीचे से यह पानी तेजी से नहीं बह पाएगा। शहर का सारा पानी इस छोटे से नाले से होकर ही गुजरता है। कई नालों से गुजरा हुआ यह पानी सिविल लाइन के छोटे नाले के पास आकर ठहर जाता है और आसपास के बनी कालोनियों में या खाली जगह में भर जाता है और यह भरा हुआ पानी तालाब का रूप ले लेता है। नाला छोटे होने के कारण आगे निकासी की रफ्तार थम जाती है तो यह पानी वापस पीछे की कॉलोनी में लौटता है और लौटकर यह पानी धीरे-धीरे जमा हो जाता है और घरों में घुसना शुरू कर देता है। जब तक सिविल लाइन की छोटे से नाले से पानी नहीं बह पाता तब तक यह पानी लौटकर घरों में मोहल्ले में और गलियों में जमा रहता है जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कल भी ऐसा ही हुआ के शहर की काली पलटन के कई क्षेत्रों में घरों व मोहल्लौ कई गलियों वह मुख्य बाजार कचहरी काफला पुराने टोंक के कई मोहल्ले में काफिला स्थित सब्जी मंडी का घेर और उससे आगे की कॉलोनी सैयद कॉलोनी बिलाल कॉलोनी और उसके अलावा खास तौर से सादिया कॉलोनी में पानी काफी रूप में जमा रहा। लोगों को आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। तेज रफ्तार से होने वाली बारिश एक डेढ़ घंटे के धमने के बाद जब उस छोटे से नाले से पानी धीरे-धीरे जाने लगा तब जाकर गली मोहल्ले में जमा पानी वापस नाले के पास पहुंचकर निकला तब लोगों को थोड़ा राहत का सामना करना पड़ा। याद रहे कि जब तक सिविल लाइन के नीचे छोटे नाले को बड़ा नहीं किया जाएगा या दो तीन और नालों का नया निर्माण नहीं होगा तब तक यह पानी जमा होकर वापस घरों में घुसता रहेगा और बाजारों में गलियों में मोहल्ले में भी यह पानी इसीलिए निकासी कम होने के कारण भरता ही रहेगा। प्रशासन को सिविल लाइन पुलिया के नीचे नए नालो का अंडरग्राउंड निर्माण कराना होगा तभी भराव की समस्या से निजात मिल पाएगी। अभी तक प्रशासन ने इस तरफ कोई गंभीर ध्यान नहीं दिया है। प्रशासन आमतौर पर शहर के नालों की मोहल्लों की सफाई करने के बाद ही अपनी जिम्मेदारी पूरी मान कर बैठ जाता है। अभी भी सिविल लाइन के नाले के नालो के आसपास भयंकर कचरा जमा हुआ है और टूटे हुए पेड़ भी नालो रास्ते के बीच में फंसे हुए है जिससे पानी और कचरा ठहरा हुआ है जो कभी भी परेशानी का कारण बन सकता है।

# सवाईमाधोपुर मुस्लिम प्रोफेशनल्स की ओर से अवार्ड डिस्ट्रीब्यूशन प्रोग्राम का आयोजन हुआ




सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका) 14 जुलाई रविवार को रणथंभोर कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रांगण में मशहूर आईएएस कोच जनाब समीर सिद्दीकी ने शिरकत की ओर नई टेक्नोलॉजी के आने के बाद मुस्तकबिल में हम अपना कैरियर निर्माण कैसे करें उसपे रोशनी डाली।

उन्होंने उपस्थित मेधावी छात्रों से अपने कोर्स के साथ साथ नई तकनीक, वैश्विक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम पर भी अपना ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी, डॉ सैयद बलीग अहमद ने व्यक्तित्व विकास में जुनून, ज्ञान, त्याग, समर्पण आदि गुणों को अपने जीवन में लाने पर जोर दिया। ताकि उनके मुस्तकबिल और कैरियर की प्लानिंग करने के लिए फिक्र पैदा हो सके, और नए जमाने की सोच और नए जोश के साथ अपना और मआशरे का मुस्तकबिल संवारने की फिक्र करने पर मजबूर हो सकें। राजीव गांधी म्यूजियम के डायरेक्टर मोहम्मद यूनुस ने प्रकृति से सीखने और अपने आपको उससे जोड़ने पर जोर दिया।

मौलाना सरफराज फलाही ने इस्लाम में तालीम की अहमियत बताते हुए सभी मुस्लिम मर्द और औरतों पर इल्म हासिल करना फर्ज बताते हुए सभी को तालीम हासिल करने पर जोर दिया, कार्यक्रम में सारा खान d/o जावेद अजीज ने 10वीं कक्षा में 97.6% और 12वीं कक्षा में कैफिया खान D/O इमरान खान ने 95% मार्क्स प्राप्त कर सभी रजिस्टर्ड 200 छात्रों में टॉप रहीं।

सभी पंजीकृत छात्रों को मोमेंटो, सर्टिफिकेट, आदि पुरुस्कार स्वरूप दिए गए।

कार्यक्रम में शहर काजी उल्लाह, अंजुमन सदर सैयद फारूक अली, प्रोफेसर शाहिद जैदी, सीए नईम अल्ताफ, आबिद अली मंसूरी RAS जुबैर अहमद प्रिंसिपल,प्रोफेसर मुसववीर खान, प्रोफेसर शकील खान, प्रोफेसर मोहम्मद शाकिर, नबीशेर खान , मुमताज अहमद, अबसार अहमद नदवी, रिटायर्ड अकाउंटेट सईद अहमद,पूर्व अंजुमन सदर आरिफ अली आदि लोगों ने शिरकत की

# ब्रज नगर में सांसद संजना जाटव का हुआ स्वागत

भरतपुर। ब्रज नगर जाटव विकास समिति भरतपुर के नेतृत्व में सांसद पद पर संजना जाटव के निर्वाचित होने पर अंबेडकर पार्क ब्रजनगर पर स्वागत समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद संजना जाटव तथा सांसद पति कप्तान कप्तान सिंह ने बाबासाहब डॉ भीम राव अंबेडकर तथा संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारंभ किया गया। उसके बाद कॉलोनी के लोगो ने सांसद तथा मुख्य अतिथि संजना जाटव का चांदी का मुकट, साल तथा माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा अन्य अतिथि सांसद पति कप्तान सिंह, रंजीत सिंह जाटव, विनय सिंगल, गिरीश जौहरी नदबई,नीरज पूर्व सरपंच, दया राम पचौरी , शहर अध्यक्ष, अशोक ताम्बी जिला प्रवक्ता,अवधेश कुमार शर्मा शहर उपाध्यक्ष,गजेंद्र सिंह, धीरज सिंह चिकसाना, बच्चू सिंह बैध् का माला साफा से स्वागत किया गया और समिति के अध्यक्ष द्वारा मांगपत्र पढ़ा गया जिसमे कॉलोनी में टूटी हुई सड़को, नालियों तथा अंबेडकर पार्क में स्टोर कक्ष तथा शौचालय निर्माण की मांग रखी गई जिसको सांसद ने अपने संबोधन में मागपत्र को मानते हुए जल्द ही समाधान करने का भरोसा दिलाया गया। सांसद का सभागार में उपस्थिति सभी महिलाओं द्वारा बारी बारी से माल्यार्पण कर स्वागत किया गया जिससे उनको बहुत खुशी का अनुभव हुआ। सांसद के प्रथम बार निर्वाचित होने के बाद अंबेडकर पार्क में पधारे की खुशी को यादगार बनाने के लिए समिति द्वारा एक पौधारोपण किया गया। समारोह के समापन पर समिति अध्यक्ष सतीश कुमार द्वारा सभी आगुंतको को धन्यवाद दिया गया। इस मौके महासचिव मुकेश पिप्पल, कोषाध्यक्ष मांगी लाल, किशोर लुहासिया, नरेश कैन, गिर्राज सिंह, मंगतू राम, मोहन सिंह खेमरा,नरदेव स्वामी, सुखदेव स्वामी, चरन सिंह,हरभान सिंह, सौरव सिंह, ओमप्रकाश पप्पन, करन सिंह, भगवान सिंह, विजय सिंह खेड़ा, विजय सिंह लुहासिया, लक्ष्मण सिंह, भूप सिंह, सुनील कुमार, दोजी राम, डॉ रूपेंद्र झा, राम सिंह रेंजर, रमन लाल, हरी सिंह, राम नरेश, सुरेन्द्र सिंह, सुगड़ सिंह, हुक्म सिंह सरपंच, मदन लाल, सुशील निराला, रामप्रसाद, अजब सिंह , रामदास , पंचम कुसुम, जितेंद्र कुमार बेवर, मोहन लाल सिही, दुर्जन सिंह, सुरेश बांसी, योगेश सिंह छेक्कना, भगवान सिंह पुठ, हरदेव सिंह , मोहन सिंह मोरोली, जीतू, टोनी , अमित कुमार आदि कॉलोनी के लोग उपस्थित थे



**कविता :- पर्वत नाचें हाथ उठाकर**

**डाल-डाल पर जल बिन्दु, मेघों से मुक्ति पा कर**
**सावन गीत की लय मांगे मुझसे शब्दों को आकर**
**कहदे कहदे पवन बावरी दे दूं गीत सजाकर**
**शर्त केवल इतनी सी पर्वत नाचें हाथ उठाकर**
**गाएं स्वर में स्वर मिलाकर**

**झरनों की अन्जानी भाषा मेरी है पहचानी**
**लहराती चुनरी की खुशबू में है मस्त कहानी**
**नीले सागर के हृदय से चुरा चुरा जो लाया**
**हरे गुलाबी रंग दूं शब्द भर दूं गहरा पानी**
**ओ हरियाली सावन की ले आ मधुशाला जाकर**
**आज तेरे आंचल पर लिख दे दूं गीत सजाकर**
**शर्त केवल इतनी सी पर्वत नाचें हाथ................**

**सिन्दूरी किरनों को चुन लूं ,अम्बर की ऊंचाई भर लूं**
**धरती के प्यासे ओटों से अपने मन की प्यास छुआ लूं, जलते दीपक की लौ में तारों की गणना कर जाऊं**
**बैठ किसी वृक्ष तले आकाश में चांद निहारूं**
**रजत कणों को बिखरा दूं पत्तों की नींद चुराकर**
**सन्नाटों के वक्ष पे लिख दे दूं गीत सजाकर**
**शर्त केवल इतनी सी पर्वत नाचें हाथ उठाकर**
**गाएं स्वर में स्वर मिलाकर**
**रचियता:- फ़ज़लुर्रहमान**
**मौलिक रचना**

# टोंक में शनिवार को होगा मुशायरा बाहर से भी आएंगे कई शाइर

टोंक (रॉयल पत्रिका)। यहां टोंक में एक शानदार मुशायरा का आयोजन किया जा रहा है। यह मुशायरा 20 जुलाई शनिवार को होगा। मुशायरें में टोंक से बाहर के शाइरों को भी आमंत्रित किया गया है। यह मुशायरा मौलाना अबुल कलाम आजाद अरबी फारसी शोध संस्था एपीआरआई टोंक में होगा। शनिवार रात साड़े नौ बजे होने वाले इस मुशायरें में बाहर के कई शाइर बुलाए गए हैं। मुशायरा का आयोजन अंजुमन तामिरे उर्दू टोंक की तरफ से किया जा रहा है। जनरल सेक्रेटरी अनवर अली खान ने बताया कि इस मुशायरें में सलीम जावेद खैरानवी आगरा से मोहतरमा शमीम कौसर, उत्तर प्रदेश से वसीम जीनान्वी, बीकानेर से सागर सिद्दीक, डॉक्टर फरीद कोटवी, जयपुर से जमील अख्तर, शमीम अहमद वारसी, लखनऊ से सत्यम रोशन व डॉक्टर फैजल को आमंत्रित किया गया है। नदीम सैफी ने बताया कि मुशायरें में स्थानीय शाइरो का कलाम भी सुनने को मिलेगा। यह मुशायरा फाकिर एजाजी दिवस के रूप में आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर सम्मान समारोह व पुस्तकों का लोकार्पण भी होगा।

# राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नोमुरा में किया गया वृक्षारोपण

चौमूं । हस्तेडा कस्बे के स्थित ग्राम नोपुरा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित हुआ । इस कार्यक्रम में पौधारोपण कर पेड़ अपनों के नाम अभियान चलाया गया। इस मौके पर पौधारोपण के अंतर्गत छायादार पौधे लगाकर वातावरण को हरा- भरा रखने की , इस मौके पर शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को इनको जीवित रखने की ली जिम्मेदारी । इस मौके पर शिक्षक प्रकाश चंद यादव ने कहा की आज के समय पर तेजी से वातावरण खराब होता जा रहा है, जिसके कारण पेड़ पौधों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है हम सभी को मिलजुल कर पौधारोपण अवश्य करना चाहिए। पेड़ पौधे हमें जिंदा रहने के लिए ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। इस मौके पर विद्यार्थियों को अपने घर पर ले जाने के लिए वह अपने घर पर पौधे लगाने के लिए भी प्रेरित किया गया। इसी प्रकार एक पौधे का वृक्षारोपण कर उनकी जिम्मेदारी भी सौंप गई । इस कार्यक्रम में समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# यूक्रेन युद्ध में मारे गए भारतीयों के परिजनों को 1.3 करोड़ रु. देगा रूस

नई दिल्ली । यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में मारे गए भारतीयों के परिवार वालों को रूसी सेना 1.3 करोड़ रुपए का मुआवजा देगी। एक रिपोर्ट के अनुसार रूसी सेना ने आवेदन करने पर परिवारजनों को नागरिकता देने का भी ऐलान किया है। बता दें कि गुजराज के हिमल मांगूकिया और हैदराबाद के मोहम्मद अशफान समेत चार भारतीयों की मौत हो चुकी है। सूत्रों के अनुसार रूसी सेना में लगभग 50 भारतीय यूक्रेन के खिलाफ युद्ध लड़ रहे हैं। उधर, दिल्ली में रूसी दूतावास के वरिष्ठ अधिकारी रोमन बाबुश्किन ने कहा कि रूस कभी नहीं चाहता था कि भारतीय उसकी सेना का हिस्सा बनें। यह व्यावसायिक मामला है।

# नागौरी समाज के गौरव: आदिल नागौरी ने पावरलिफ्टिंग में जीता गोल्ड मेडल

**अब्दुल वाजिद**

जयपुर ।(रॉयल पत्रिका) नागौरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष हाजी वकील नागौरी ने आदिल नागौरी की शानदार उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने न केवल नागौरी समाज बल्कि पूरे भारत का नाम रोशन किया है। आदिल ने पावरलिफ्टिंग में गोल्ड मेडल जीतकर समाज के युवाओं के लिए एक मिसाल कायम की है। इस महान उपलब्धि के सम्मान में आदिल नागौरी का खो नागोरियान स्थित जामा मस्जिद पर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्हें माला और साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह में नागौरी समाज के कई गणमान्य व्यक्ति और सदस्य उपस्थित थे, जिन्होंने आदिल के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हाजी वकील नागौरी ने कहा, "आदिल की यह जीत हमारे समाज के लिए गर्व का क्षण है। उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने उन्हें इस मुकाम पर पहुँचाया है। हमें विश्वास है कि वे आगे भी अपनी मेहनत से नए आयाम स्थापित करेंगे।" समारोह के दौरान उपस्थित नागौरी समाज के मुअज़्ज़िज़ लोगों ने भी आदिल को बधाई दी और उनकी इस सफलता पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने आदिल के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी इस सफलता से समाज के अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। आदिल की इस उपलब्धि ने पूरे समाज में एक नया जोश और उमंग भर दिया है। उनकी इस मेहनत और जीत पर सभी को गर्व है और समाज उनके साथ मिलकर उनकी आगे की सफलता के लिए कामना करता है।






## आम व खास सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रमजान खान पुत्र श्री इनायत खान आम व खास को यह सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र सद्दाम खान आयु 26 वर्ष, सन 2023 से मेरे कहने में नहीं है। इसलिए मैंने अपने पुत्र सद्दाम खान को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है । सन 2023 से मेरा मेरे पुत्र सद्दाम खान से कोई रिश्ता नाता नहीं है। यदि कोई भी व्यक्ति उससे किसी भी प्रकार का संव्यवहार करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा । मेरी कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी सूचित रहें।

-रमजान खान
पुत्र श्री इनायत खान
प्लॉट नं. 19, मदीना नगर,
खोह नागौरियान जिला जयपुर
मोबाइल नं. 63760 69866


# पुलिस ने वाहन चोरों के विरुद्ध की बड़ी कार्यवाही

जयपुर। (रॉयल पत्रिका) पुलिस उपायुक्त जयपुर शहर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया की जयपुर शहर पूर्व में लगातार हो रही वाहन चोरी की बढ़ती वारदातों को मध्यनजर रखते हुऐ वाहन चोरो के विरूद प्रभावी कार्यवाही करने के लिए दिशा निर्देश दिये गये। जिसको मध्य नजर रखते हुऐ जिला स्पेशल टीम जयपुर पूर्व के प्रभारी लक्ष्मीनारायण व थानाधिकारी खोनागोरियान, आदर्श नगर, रामनगरिया व थानाधिकारी ट्रांसपोर्ट नगर के नेतृत्व में अलग-अलग टीमो का गठन किया गया। जिसमें थाना, खोनागोरियान, ट्रांसपोर्ट नगर, आदर्श नगर व रामनगरिया में वाहन चोरो के खिलाफ कार्यवाही करते हुऐ एक नाबालिक को निरूद्ध कर कुल 5 चोरो को गिरफ्तार कर कुल 11 मोटरसाईकिल को जप्त किया गया। जिनसे अलग-अलग थानो की चोरी हुई 11 मोटरसाईकिलो को जप्त किया गया। गिरफ्तार आरोपीयो ने जयपुर शहर के थाना वैशाली नगर, मुरलीपुरा, शिप्रापथ, करणी विहार, झोटवाड़ा, महेश नगर, मानसरोवर, शिप्रापथ, नाहरगढ, करधनी व जिला जयपुर पूर्व में ट्रांसपोर्ट नगर, आदर्श नगर, खोनागोरियान व थाना रामनगरिया ईलाके से अब तक कुल पाँच दर्जन से अधिक मोटरसाईकिल चोरी करना कबूल किया। जिनसे वाहन बरामद करने हेतू पूछताछ जारी है जिनसे ओर वाहन बरामद होने की उम्मीद है।

गिरफ्तार आरोपी जिला दौसा व जयपुर के निवासी है जिन्होने ने पूछताछ में बताया कि

हम अब तक जयपुर शहर में पॉच दर्जन से अधिक वाहन चोरी कर चूके। हम रोज गांव से बस द्वारा आते है और रात व दिन के समय चोरी करके सुबह जयपुर शहर से बाहर निकल जाते है। क्योकि सुबह के टाईम हमें सड़को पर कोई नही मिलता और सड़क खाली मिलती है जिससे हमें बाहर निकलने में आसानी रहती है। हम गाड़ी चोरी करके गांवो में पॉच से 10 हजार रूपये में एक गाडी को बेच देते है। हम करीब एक साल से चोरी कर रहे। गाड़ी चोरी करने के बाद हम खरीददार से बात करते है और गाड़ी को हम पाँच हजार से लेकर 10 हजार रूपये तक बेच देते है। हम अधिकतर यह गाड़ी ग्रामीण ईलाके में बेचते है। हम अपना कोई जानकार डुंड कर गाड़ी को आगे बेचते है। जब चोरी करने आते है तो दो-तीन दोस्त साथ में आते है जिससे एक बार में करीब तीन-चार गाड़ी साथ में ले जा सके। उन गाड़ीयो को हम एक-एक करके बेच देते हैं। गाड़ी बेचकर कर आये पैसो से हम मौज मस्ती व शराब पार्टी करते है फिर दौबारा चोरी करने आ जाते है। जब हम जयपुर बस द्वारा गांव से आते है तो कभी-कभी हम जानकार या किसी दोस्त के पास में आकर रूक जाते है। फिर रात या दिन के समय चोरी करके जयपुर से बाहर निकल जाते है।

गिरफ्तार आरोपियों के नाम

नाहरसिंह मीणा उर्फ नाहरू पुत्र पृथ्वीराज मीणा उम्र 23 साल जाति-मीणा, धर्मसिंह बैरवा पुत्र रमेश चन्द उम्र 31 साल जाति-बैरवा,कैलाश उर्फ के.डी. मीणा पुत्र कमलेश कुमार मीणा उम्र 19 साल जाति-मीणा, आबिद उर्फ मोनू उर्फ केम्पा पुत्र फकीर मोहम्मद उम्र 21 साल जाति-मुसलमान, इकबाल खान पुत्र रफीक खान जाति-मुसलमान उम्र 19 साल |




## रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका

रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद ।

-संपादक

Scan Here

# जयपुर में वक्फ कमेटियों के पास करोड़ों का फंड

***-लेकिन शिक्षा, रोजगार एवं स्वास्थ्य पर खर्च नहीं किया जाता है***

***-जयपुर की दर्जनों वक्फ प्रॉपर्टी इंतजामियां कमेटियां जो हिसाब किताब में पारदर्शिता नहीं रखती हैं और ना ही वक्फ बोर्ड में ठीक से हिसाब देती है***

***-वक्फ बोर्ड सीईओ नसीम खान की मंशा वक्फ बोर्ड में सुधार के बजाय कुछ और ही दिखाई देती है***

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर की घनी आबादी क्षेत्र में गरीब मुस्लिम परिवारों के पास रोजगार नहीं है । बच्चों को पढ़ाने के लिए पैसे नहीं है, परिवार में पुरुष सदस्य शराब या अन्य नशा करने के कारण बर्बादी आ रही है। आर्थिक तंगी के कारण महिलाएं गलत रास्ते पर जा रही हैं । गरीब परिवार बेरोजगारी और गलत सामाजिक परंपराओं के कारण कर्ज के जाल में फंस रहे हैं । कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए घर एवं अन्य प्रॉपर्टी बेच रहे हैं । जयपुर के मुस्लिम क्षेत्रों में दर्जनों एनजीओ हैं, जो समाज सेवा के नाम पर कागज कार्रवाई एवं राजनीतिक चर्चा में ज्यादा भरोसा रखते हैं । सैंकड़ों मुस्लिम प्राइवेट स्कूल हैं और सैंकड़ों वक्फ कमेटियां हैं जिनमें मस्जिदों की कमेटियां, दरगाहों की कमेटियां एवं मुसाफिरखानों की कमेटियां शामिल हैं जिनके पास कई करोड़ के फंड उपलब्ध हैं । यह फंड सिर्फ बैंकों में ब्याज लेने या फिर कमेटी सदस्यों के निजी कामों में काम आ रहा है । मुख्य रूप से ऐसी कमेटियां जिनमें बड़ी तादाद में फंड है उनमें मुख्य हैं- मुस्लिम मुसाफिरखाना कमेटी, मस्जिद हैजान फरोशान कमेटी, कुरैशी मुसाफिरखाना भिंडों का रास्ता कमेटी, दरगाह अमानीशाह इंतजामिया कमेटी, हसनपुरा में औलिया मस्जिद कमेटी, जौहरी बाजार स्थित जामा मस्जिद, मंसूरी समाज जमातखाना कर्बला, सी-स्कीम की मस्जिद कमेटी, मस्जिद कमेटी मुमताज बाग आदि। इसी तरह रामगंज, कर्बला, आदर्श नगर, जालूपुरा, शास्त्री नगर, भट्टा बस्ती और हसनपुरा में मस्जिद और दरगाह कमेटियां हैं जिनके पास लाखों का फंड है लेकिन समाज में शिक्षा रोजगार देने के काम नहीं आ रहा है ।




### वक्फ कमेटियों का फंड क्यों समाज के काम नहीं आ रहा है

जयपुर में मस्जिद एवं दरगाह कमेटियों में समाज के पहुंच वाले लोग शामिल हैं जिनकी विधायक, सांसद, वक्फ चेयरमैन या अधिकारियों तक पहुंच होती है । ऐसे लोग समाज का भला इसलिए नहीं चाहते हैं क्योंकि उनकी सोच होती है कि समाज में उनका वर्चस्व बना रहे और दूसरे लोग बराबरी पर नहीं आएं । यही कारण है कि ज्यादातर मस्जिद एवं दरगाह कमेटियों का फंड या तो बिना किसी काम आए बैंकों में पड़ा रहता है या खुद या कुछ कमेटी सदस्य अपने निजी काम में ले लेते हैं । यही कारण है कि मस्जिद कमेटियों और दरगाह कमेटियों के पास काफी ऐसे परिवार रहते हैं जो गरीब हैं अपने बच्चों को आर्थिक तंगी के कारण पढ़ा नहीं सकते हैं । घर में बीमार सदस्य का इलाज नहीं करवा सकते हैं, फिर भी ऐसी वक्फ कमेटिया उनकी सहायता नहीं करती हैं । मस्जिद कमेटियों का सिर्फ ध्यान रहता है कि उनकी कमेटी किसी भी तरह बनी रहे ।

### वक्फ बोर्ड सीईओ की कार्यशैली-

वक्फ बोर्ड सीईओ नसीम खान ने राजस्थान के दर्जनों कमेटियों को नोटिस दिए हैं साथ में जयपुर स्थित कर्बला मैदान में अतिक्रमण करके मकान बनाने वालों को भी नोटिस दिए हैं । माना जा रहा है कि वक्फ बोर्ड सीईओ ने यह नोटिस इसलिए दिए जिससे उन पर दबाव बनाया जाकर समझौता किया जा सके । यदि सीईओ की नियत साफ है तो ऐसे अतिकर्मी मकान मालिकों पर मुकदमा दर्ज करवाना चाहिए । यदि वे वास्तव में अतिकर्मी हैं तो उन्हें या तो वक्फ बोर्ड का किराएदार बनाया जावे या फिर वक्फ बोर्ड को जमीन खाली करवाना चाहिए । लेकिन ऐसा होता दिखाई नहीं दे रहा है ।

### जयपुर और प्रदेश की वक्फ कमेटियों को भीलवाड़ा सीरत सराय का भ्रमण करना चाहिए

जयपुर की जिन वक्फ इंतजामिया कमेटियों के पास करोड़ों का फंड है, उन्हें भीलवाड़ा में सीरत सराय वक्फ प्रॉपर्टी और दाई हलीमा हॉस्पिटल का दौरा करना चाहिए। सीरत सराय वक्फ प्रॉपर्टी ट्रस्ट के अध्यक्ष वक्फ बोर्ड के निर्वाचित सदस्य शब्बीर शेख हैं जिन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर सीरत सराय ट्रस्ट के जरिए भीलवाड़ा के लोगों को शिक्षा, रोजगार आदि में मदद की साथ में दूसरी प्रॉपर्टी खरीद कर उन्हें विकसित करने का काम किया है । रोजगार के लिए कोऑपरेटिव बैंक बनाकर लोन दिया जाता है । इसलिए जयपुर वक्फ बोर्ड कमेटी के पदाधिकारियों को हाथ पैर हाथ रखकर बैठने के बजाय कुछ करने की सोचना चाहिए, नहीं तो जमाना तेजी से बदल रहा है उनको समाज को भी हिसाब देना पड़ेगा और अल्लाह के यहां तो देना ही है ।

### ए आर वेलफ़ेअर फाउंडेशन की तर्ज पर काम करना चाहिए वक्फ कमेटियों को

जयपुर में ए आर वेलफेयर फाउंडेशन नाम से एक एनजीओ चलता है जिसके अध्यक्ष रिटायर्ड आईएएस ए आर खान अध्यक्ष है । ए आर वेलफेयर फाउंडेशन मुस्लिम और गैर मुस्लिम बस्तियों में गरीब परिवारो की लड़कियों और महिलाओं को सिलाई की ट्रेनिंग, कड़ाई बुनाई और अन्य छोटे-छोटे रोजगार के लिए ट्रेनिंग देता है । गरीब बच्चों को किताब कपड़े भी वितरण करता है । ए आर वेलफेयर फाउंडेशन के जरिए अब तक हजारों गरीब महिलाओं को रोजगार मिल चुका है । जयपुर की वक्फ कमेटियां ए आर वेलफेयर फाउंडेशन से मिलकर समाज में रोजगार के अवसर बढ़ा सकती हैं या फिर ए आर वेलफेयर फाउंडेशन की तर्ज पर काम कर सकती हैं । जयपुर में गरीब मुस्लिम महिलाओं को रोजगार देने की सख्त जरूरत है क्योंकि बढ़ते नशे एवं बीमारी के कारण परिवार बर्बाद हो रहे हैं ।

# ए. आर. फाउंडेशन ने दी 24 लड़कियों को टेलरिंग की ट्रेनिंग

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । ए. आर. वेलफेयर फाउंडेशन ने आशा पांडे मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के साथ मिलकर 24 लड़कियों को महिलाओं के कपड़े सिलाई की ट्रेनिंग दी है । फाउंडेशन ने लड़कियों की सिलाई ट्रेनिंग पूरी होने पर सर्टिफिकेट वितरण प्रोग्राम रखा और सर्टिफिकेट दिए गए । अब यह गरीब लड़कियां कपड़ा सिलाई करके अपनी रोटी- रोजी के लिए कमाई कर सकेंगी । सर्टिफिकेट वितरण समारोह में ए. आर. वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष आईएएस (रिटायर्ड) ए. आर. खान भी मौजूद थे ।



## हजरत इमाम हुसैन की कुलाहें मुबारक जयपुर की ऐतिहासिक हवेली सलीम मंजिल में



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। शहीदे कर्बला हजरत इमाम हुसैन की कुलाहें मुबारक (टोपी) जयपुर में सलीम मंजिल ऊँचा कुआ हल्दियों का रास्ता जौहरी बाजार में पिछले लगभग दो सौ वर्ष से सुरक्षित है रखी हुई हैं। इस धार्मिक धरोहर की हर वर्ष मोहर्रम के मौके पर लाखों श्रद्धालु मुसलमान इसकी जियारत करते है। कुलाहें मुबारक ट्रस्ट के चीफ ट्रस्टी मोईनुद्धीन खान, हुसाऊद्धीन खान ने बताया था कि इस वर्ष कुलाहे मुबारक 16.07.2024 से 17.07.2024 को सायंकाल 7 बजे जियारत के लिए खोल दी जायेगी और 17.07.2024 को शाम ईशा की नमाज के बाद बन्द कर दी जायेगी।

## एम टी एम स्कूल में मेधावी छात्रों को पदक, छात्रवृत्ति और पुरस्कार से सम्मानित किया गया

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। एम टी एम स्कूल के 5वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षा के 129 छात्रों को सम्मानित किया गया। एक प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह में, विभिन्न कक्षाओं के 129 मेधावी छात्रों को उनकी असाधारण शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। छात्रों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के सम्मान में पदक, छात्रवृत्ति और टैबलेट प्रदान किए गए। 12th बोर्ड विद्यार्थी मोहम्मद रेहान94.60% ,नोशीन खान 92%और खुशनुमा 90.40% को 90% से अधिक अंक लाने पर टैबलेट दिया गया

10 बोर्ड विद्यार्थी, सुभान आसिम 91.67%, अलीशा बानो 90.83%,लाने पर ट्रॉफी 11000 की स्कॉलरशिप और टैबलेट देकर सम्मानित किया गया।

- 5वीं और 8वीं कक्षा के ए ग्रेड लाने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर और अभिभावक को माला पहनाकर सम्मानित किया गया



- 10वीं कक्षा के 60% से 79% तक ट्रॉफी और 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 1100 rs स्कॉलरशिप और 85% से अधिक को ₹5100 स्कॉलरशिप तथा 90% से अधिक लाने वाले को ट्रॉफी 11000 स्कॉलरशिप और एक टैबलेट देकर प्रोत्साहित किया
- 12वीं कक्षा के 90% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को एक टैबलेट और एक ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया

इन पुरस्कारों का उद्देश्य छात्रों को उनकी शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करना और प्रेरित करना है। समारोह में सम्मानित अतिथियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने भाग लिया, जिन्होंने इन प्रतिभाशाली छात्रों की उपलब्धियों को गर्व से देखा। सभी पुरस्कार विजेता छात्रों को बधाई। स्कूल संचालक वसीम खान ने बताया कि एम टी एम स्कूल में पढ़ाई का कुशल प्रबंध किया जाता है इसलिए प्रतिवर्ष छात्र यहां बड़ी उपलब्धियां हासिल करते हैं। यहां शिक्षा के साथ पर्सनलिटी डवलपमेंट पर भी ध्यान दिया जाता हैं।

## उचित मूल्य की नई दुकानें खोली जाएगी -गोदारा

जयपुर । खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में कहा कि आवंटन सलाहकार समिति के गठन के बाद प्रदेश में आवश्यकता के अनुसार उचित मूल्य की नई दुकानें खोली जाएगी। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। इससे पहले विधायक लक्ष्मण के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बताया कि प्रदेश में विगत एक वर्ष में उचित मूल्य् के दुकानदारों के विरूद्ध कुल 1560 शिकायतें प्राप्तो हुई। उन्होंने प्राप्त शिकायतों का जिलेवार विवरण सदन के पटल पर रखा। गोदारा ने जानकारी दी कि विधान सभा क्षेत्र बस्सी में विगत एक वर्ष में कुल 2 राशन डीलरों के विरूद्ध शिकायतें प्राप्त हुई।

# अल्पसंख्यकों को व्यवसाय और शिक्षा के लिए ऋण देगी सरकार

**-आवेदन 25 जुलाई तक**

**-राष्ट्रीय अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास के लिए आवेदन शुरू**

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । राजस्थान अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से अल्पसंख्यक समुदाय के पात्र लोगों के लिए व्यवसाय करने या शिक्षा के लिए ऋण दिए जा रहे हैं । अल्पसंख्यक विभाग की फाइनेंस सेल बेरोजगार अल्पसंख्यकों के लिए 1 से 5 लाख रुपए तक ऋण देती है । जिससे यह अपना रोजगार चला सकें । यह ऋण पंचर की दुकान खोलने, सिलाई - कढ़ाई का काम शुरू करने, किराना दुकान शुरू करने या दूसरे छोटे कुटीर धंधे शुरू करने के लिए दिया जाता है । इसी तरह अल्पसंख्यक समुदाय के गरीब बच्चों, जो हायर एजुकेशन, प्रोफेशनल कोर्स, डिप्लोमा आदि के लिए दिया जाता है । जयपुर अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्धा ने बताया कि ऋण आवेदन की अंतिम तिथि 25 जुलाई (ऑनलाइन) रखी गई है और ऑफलाइन आवेदन 9 अगस्त तक किए जा सकते हैं । जयपुर अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक ने यह भी जानकारी दी कि जयपुर में विभाग की ओर से चलने वाले गर्ल्स और बॉयज हॉस्टल के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं । इसी तरह आवासीय विद्यालय के लिए प्रवेश चालू है ।

अल्पसंख्यक समुदाय में मुस्लिम, सिख, बौद्ध, जैन और पारसी आते हैं।

## गिरधारी सम्भनानी की अध्यक्षता में सेवा समिति कार्यकारिणी की बैठक हुई संपन्न

सांगानेर/जयपुर (रॉयल पत्रिका ) आगामी 15 सितंबर 2024 को आयोजित होने वाले 10 वे सामूहिक विवाह सम्मेलन को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए सिंधु भवन मानसरोवर का सुचारू रूप से गठन करने का दायित्व भी कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। महासचिव लालचंद खानवानी ने बताया कि उपरोक्त विवाह सम्मेलन हेतु इच्छुक आवेदकों द्वारा पंजीयन



कार्यालय पर एक बैठक रखी गई थी। इस बैठक में सर्वसम्मति से किशोर एच. दादलानी को समन्वयक, शोभा बंसतानी को मुख्य संयोजिका, मनीष संगतानी, श्याम कमलानी को संयोजक तथा पीयूष बच्चानी को मीडिया प्रभारी का दायित्व प्रदान किया गया। मुख्य संरक्षक दादा सुंदर ठाकुर ने बताया कि सम्मेलन का संपूर्ण संचालन करने व विभिन्न समितियां (रजिस्ट्रेशन) आवेदन फार्म 20 अगस्त 2024 तक निम्नलिखित स्थान से प्राप्त व जमा कराए जा सकेंगे। शोभा बंसतानी मुख्य संयोजिका 120 /31 विजयपथ अग्रवाल फार्म जयपुर , लालचंद खानवानी महासचिव 112 / 120 महालक्ष्मी चैंबर्स रामतीर्थ मार्ग अग्रवाल फार्म जयपुर, मूलचंद बंसतानी प्रवक्ता भगवान झूलेलाल सेवा समिति मानसरोवर जयपुर।

## सद्दाम बिग बॉस पहुंचे राजस्थान शिक्षा सलाहकार ऑफिस के उद्घाटन में

सांगानेर। (रॉयल पत्रिका) अच्छी शिक्षा प्राप्त करने हेतु अब जगह-जगह शिक्षा सलाहकार के ऑफिस खोले जा रहे हैं। जिसमें हर तरह की डिग्री प्राप्त होल्डर आसानी से मिल सकते हैं। जो हर तरह की शिक्षा देने में माहिर होते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह का जॉब बहुत फल फूल रहा है।




और बच्चों का भविष्य संभारने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस संबंध में CA मुकेश जांगिड़ ने बताया कि राजस्थान एजुकेशन कंसलटेंसी के इस ऑफिस से काफी लोगों को फायदा होगा। जो मिडिल क्लास और लो कैटिगरी वाले लोग हैं। जिनको शिक्षा प्राप्त करने में परेशानी आती है। जिनको ज्यादा पैसों के अभाव में शिक्षा नहीं मिल पाती है। उन्हें यहां से आसानी से शिक्षा प्राप्त कराई जाएगी। यहां पर बहुत सारे डिप्लोमा कराए जाएंगे जैसे डी फार्मा, बी फार्मा, बीकॉम, एम ए, बी बी ए, बीसीए ,एमसीए, बीए बीएड, एमटी, एमपीटी, पीजीडीसीए आदि डिप्लोमा कराए जाएंगे। इससे उनकी शिक्षा और रोजगार में वृद्धि होगी। इस सुनहरे मौके पर राकेश ओसवाल, मनोज सैनी, पवन यादव, तिवारी सत्यनारायण शर्मा, भानु तिवारी, परी गुप्ता, सुरेंद्र सिंह, विकास आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सांगानेर की बदलेगी काया, हर समस्या का होगा सफाया, सांगा बाबा सर्किल और 40 कियोस्क(दुकानों) का शीघ्र होगा जीर्णोद्धार

सादिक हिंदुस्तानी

सांगानेर/जयपुर। (रॉयल पत्रिका) सुना है कि जमाने की रफ्तार बहुत तेजी से बदलती है। लेकिन हमारे सांगानेर के सिटीएस बस स्टैंड के पास बोझ बने कियोस्क जो दसकों पहले एक पार्क के रूप में स्थित था। जिसकी काया अभी तक नहीं बदली है। जो की सांगानेर की जनता पर बोझ बनी हुई है। थड़ी ठेला वालों को एक स्थाई ठिकाना देने के लिए राजस्थान के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने पिंक ऑपरेशन स्कीम के दौरान सांगानेर में तीन जगह शिकारपुरा रोड सुभाष कॉलोनी के पास 25 कियोस्क तथा खुली जेल कांटा पुलिया के के पास 45 कियोस्क और सांगानेर सिटीएस बस स्टैंड के पास 40 कियोस्क बनाकर जरूरतमंद लोगों को अपनी रोजी-रोटी चलाने के लिए एक अच्छी पहल की थी। लेकिन इन (कियोस्क) दुकानों को बड़े-बड़े धन्ना सेठ, नेता, व्यापारियों ने अपने नाम अलाटमेंट करा कर गरीबों का हक छीन लिया। उन गरीबों की ऐसी बद्आ पड़ी कि वह दुकानें जैसी की तैसी बनी हुई खंडहरों में तब्दील हो गई है। और कोई काम की नहीं रहीं। हमारा नगर निगम प्रशासन को सुझाव है कि अभी जो फुटपाथ पर थड़ी लगाकर एवं दुकान चलाकर अपनी रोजी-रोटी चला रहे हैं। उन 16 लोगों को दुकान बनाकर अलाटमेंट की जाएं। उक्त स्थान पर सिटी बस स्टैंड का बुकिंग ऑफिस, यात्री विश्रामगृह, सुलभ शौचालय, यात्रियों के लिए प्याऊ, बच्चों एवं सिटीजन के लिए (अख़बार एवं किताबें) बाचनालय,





बनाकर सांगानेर की जनता को लाभ पहुंचाया जाए।

एवं सांगा बाबा सर्किल पर लगे फुब्बारे का सौंदर्यीकरण इस तरह किया जाए कि देश- विदेश से आने वाले पर्यटकों का दिल जीत सके। आप लोगों को बताते चलें कि इस समस्या को हमने लगातार अखबार में प्रमुखता से छाप कर शासन-प्रशासन तक पहुंचाने की भरसक कोशिश की है।और सांगानेर के जाने पहचाने एडवोकेट एवं समाजसेवी पुरुषोत्तम नागर सालों से सरकारी तंत्र को, मुख्यमंत्री को,आवेदन दे देकर, ज्ञापन देकर बार-बार अवगत कराते रहे हैं। उनकी मेहनत और हमारी न्यूज़ अब रंग ला रही है। विश्वास सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि कुछ ही दिनों में इन (कियोस्क) दुकानों का तथा सांगा बाबा सर्किल बस स्टैंड पर बने फुब्बारे का जल्द ही जीर्णोद्धार होने जा रहा है। जो की सांगानेर की जनता को खुशी की बात है।

रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

# बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से सरकार की मुसीबत बढ़ेगी

वर्तमान में अनाज, दाल एवं सब्जियों की कीमतें बढ़ती जा रही हैं । गरीब और मध्यम वर्ग के परिवार महंगी सब्जी खरीदने में परेशानी महसूस करने लगा है, गरीबों ने हरी सब्जी छोड़कर दाल खाना शुरू कर दिया है तो दाल भी 200 ₹ किलो तक पहुंच गई । सब्जी वर्ग में सबसे सस्ता मिलने वाला आलू भी 50 ₹ किलो खुदरा में बिक रहा है । अनाज की कीमतें भी दिनों-दिन बढ़ती जा रही हैं। अगर ऐसा ही चलता रहा तो गरीब जनता में सरकार के प्रति गुस्सा भरना लाजमी है । जनता के लिए मुश्किल विषय यह है कि सरकार और निजी क्षेत्र युवाओं और बेरोजगार लोगों को पर्याप्त रोजगार नहीं दे पा रहा है । अभी हाल ही में गुजरात की घटना का हवाला दिया जा सकता है, जिसमें गुजरात के भरूच जिले में एक निजी कंपनी में 40 शिफ्ट इंचार्ज की भर्ती के साक्षात्कार देने के लिए कई हजारों बेरोजगार युवाओं की भीड़ इकट्ठी हो जाती है । जिस होटल में साक्षात्कार हो रहा था वहां हजारों बेरोजगार युवा आक्रोशित होकर धक्का मुक्ति करने लगते हैं । यह सब गुजरात में हुआ जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर मोदी और गृहमंत्री अमित शाह गुजरात मॉडल का उदाहरण देते फिरते हैं । देश में महंगाई और बेरोजगारी अपनी चरम सीमा पर पहुंच गई है । गोदी मीडिया और नफरत की राजनीति से महंगाई और बेरोजगारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों को ज्यादा दिन तक नहीं छुपाया जा सकता है । यह सही है कि देश का निर्यात घटा है और देश के अंदर भी व्यापार घटा है । विकसित भारत सिर्फ टीवी चैनलों में ही दिखाया जा रहा है, जो देश के साथ धोखा है । वर्तमान में सरकारें बेरोजगारी और महंगाई की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रही हैं । मोदीनीत भाजपा सरकार का बेरोजगार युवाओं की भीड़ कभी भी विरोध कर सकती है सड़कों पर उतर सकती है, क्योंकि देश के युवाओं को रोजगार देना सरकार की जिम्मेदारी है । बेरोजगार युवा पर्याप्त जॉब के अभाव में अपराध की ओर रुख करने लगे और नशे की वस्तुओं की तस्करी, चोरी, डकैती एवं अन्य अपराधों में शामिल हो रहे हैं । अपराधों को रोकने के लिए सरकार को अतिरिक्त संसाधनो पर खर्च करने पड़ रहे हैं । सरकार की नीतियों के कारण देश में विभिन्न समस्याएं बढ़ रही हैं । देश में भाजपा की सरकार है, भाजपा की नीति देश के सभी नागरिकों को एक समान नहीं मानने की है । भाजपा ने बहुसंख्यक वर्ग का भी शोषण किया है । वर्तमान में बहुसंख्यकों में बेरोजगारी अल्पसंख्यकों से ज्यादा दिखाई देने लगी है । यही कारण है की बहुसंख्यक वर्ग भी मोदी सरकार से नाराज दिखाई देने लगा है । बहुसंख्यक की नाराजगी के कारण भाजपा मात्र 240 लोकसभा सीट जीत पाई है । यदि बेरोजगारी महंगाई और अन्य समस्याएं ऐसे ही चलती रही तो जनता सरकार का विरोध शुरू कर सकती है । ऐसी स्थिति में जबकि संसद में विपक्ष काफी मजबूत है, सरकार की मुश्किल खड़ी हो सकती है, इसलिए समय रहते केंद्र एवं राज्य सरकारों को बेरोजगारी एवं महंगाई जैसे मुद्दों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए ।

# काठ की हांडियों पर टिकी भारतीय जम्हूरियत के लिए ब्रिटिश आम चुनाव से सबक लिया जा सकता हैं





यूनाइटेड किंगडम में चुनाव परिणाम के पहले ही दिन किएर स्टार्मर प्रधानमंत्री बन गए। ऋषि सुनक ने हारते ही इस्तीफ़ा दे दिया। उसी दिन कैबिनेट बनी। उसी दिन प्रधानमंत्री ने अपने सरकारी आवास दस, डाउनिंग स्ट्रीट को खाली कर दिया। संसदीय इतिहास में पार्टी की सबसे बुरी चुनावी हार के बाद 44 वर्षीय ऋषि सुनक ने अपने उत्तराधिकारी के चयन की व्यवस्था होने तक कंजर्वेटिव पार्टी के नेता बने रहने की बात कही है; लेकिन उनका साफ कहना है कि वे अब इस पद पर नहीं रहेंगे। चुनाव की रात ही नॉर्थ वेस्ट एसेक्स से नवनिर्वाचित सांसद केमी बाडिनोक ने कहा कि कंजर्वेटिव पार्टी ने जनता का विश्वास खो दिया है और पार्टी को संबोधित करने के लिए 'कुछ असहज सवाल' पूछने होंगे। हम अगर भारतीय राजनीतिक परिदृश्य से इसकी तुलना करें, तो लगेगा कि हम आज भी लोकतंत्र नहीं, लोकतंत्र के रैपर चढ़े राजतंत्र का स्वाद ले रहे हैं। क्या इस देश में हाल ही हुए चुनाव के बाद भाजपा या कांग्रेस के भीतर किसी ने ऐसा सवाल किया? क्या किसी वामदल के भीतर किसी ने ऐसे सवाल उठाए कि नेतृत्व परिवर्तन हो? या किसी भी अन्य क्षेत्रीय या छोटे-बड़े दल में? राजनीति के पारिवारिक और जातिगत कॉरपोरेशनों में इस तरह की संभावना ही कहां बचती है। यूके में 11 साल प्रधानमंत्री रहीं मार्गरेट थैचर के बाद जॉन मेजर सात साल प्रधानमंत्री रहे और विदा हो गए। उनकी कहीं चर्चा नहीं है। वे बहुत लो-प्रोफाइल जीवन जी रहे हैं। थैचर जहां 65 साल की उम्र में रिटायर हो गई थीं, मेजर 54 साल में रिटायर हो गए। प्रधानमंत्री पद छूटने के बाद मेजर ने अपनी आत्मकथा लिखी है। वे क्रिकेट पर कई किताबें लिख चुके हैं। वे कैंसर पीड़ितों के लिए चैरिटी करते हैं। वे उद्योगपतियों के संगठनों से भी जुड़े हुए हैं। ऐसा नहीं कि हमारे देश में नेता रिटायर नहीं होते। कई बार वे कर भी दिए जाते हैं। लेकिन स्वेच्छा, हालात या पार्टियों में आए नए सीनाज़ोर नेताओं के कारण रिटायर हुए लोगों का सामाजिक जीवन में क्या कोई योगदान किसी ने देखा है? अक्सर तो रिटायर तभी होते हैं, जब उनकी सारी शारीरिक शक्तियां चुक जाती हैं। दस साल प्रधानमंत्री रहे टोनी ब्लेयर ने 54 साल की उम्र में प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया और यूरोपीय यूनियन के लिए काम किया। जेपी मॉर्गन से जुड़े। वे येल विश्वविद्यालय में पढ़ाते हैं। कुछ साल पहले तक वे विश्व के सबसे अधिक कीमत लेकर भाषण देने वाले पेड स्पीकर थे। वे 90 मिनट के एक भाषण की कीमत ढाई लाख यूएस डॉलर ले रहे थे। यह कीमत दो करोड़ रुपये से अधिक है। एक मिनट की कीमत दो लाख 31 हजार रुपये। वे चैरिटी करते हैं और जिस राजनीति को छोड़ चुके, उसमें हमारे नेताओं जैसी दखल नहीं देते हैं। टोनी ब्लेयर के बाद गॉर्डन ब्राउन तीन साल पीएम रहे। वे पद छोड़ते ही बहुत विनम्रता से सांसदों की सबसे पिछली सीटों पर बैठते रहे। उनसठ साल की उम्र में प्रधानमंत्री पद छोड़ने के बाद उन्होंने सिर्फ़ 14 सप्ताह में अपने देश के वित्तीय संकट और उसके हल को केंद्र में रखकर एक शानदार किताब लिखी, 'बियॉन्ड द क्रैश'। वे वर्ल्ड वाइड वेब फाउंडेशन से जुड़े रहे और कई विश्वविद्यालयों ने उन्हें अपने यहां विद्यार्थियों के लिए लगातार बुलवाया। 'माइ लाइफ, अवर टाइम्स' की उनकी 2017 में आई संस्मरणों की एक शानदार किताब है। वे दुनिया भर की चिंता करते हैं और इसी आधार पर अभी कुछ समय पहले उनकी किताब आई, 'चेंज द वर्ल्ड: हाउ टू फिक्स द मोस्ट प्रेसिंग प्रॉब्लम्स वी फेस'। वे इस समय ब्रिटिश लोकतंत्र को अधिक विकेंद्रित करने का काम कर रहे हैं। यह काम उन्होंने अभी-अभी प्रधानमंत्री बने किएर स्टार्मर के साथ साल 2022 में शुरू कर दिया था। आने वाले समय में हाउस ऑफ लॉर्ड्स की कार्यप्रणाली में इन सुधारों को देखे जाने की संभावना है। डेविड कैमरॉन छह साल पीएम रहे और बहुत आसानी से सुनक की कैबिनेट में विदेश सचिव बन गए। वे भी किताबें लिख रहे हैं, भाषण दे रहे हैं और राजनीति के अलावा सब कुछ वह कर रहे हैं, जो भारतीय राजनेता कभी नहीं करते। वे आबू धाबी के न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय में राजनीति के कुछ ख़ास) विषय पढ़ाते हैं। कैमरॉन ने 50 साल की उम्र में ही पद छोड़ दिया था। टेरेसा मे तीन साल प्रधानमंत्री रहीं। लेकिन इस पद से साठ की उम्र में हटने के बाद भी वे अपने क्षेत्र की जनता के लिए उपलब्ध रहीं। टेरेसा के बाद बॉरिस जॉनसन तीन साल पीएम रहे। वे बैकबेंचर बनकर रहे। एक बार उनके मन में फिर से प्रधानमंत्री बनने की इच्छा आई और उन्होंने सौ से अधिक सांसदों का समर्थन भी जुटाया, लेकिन हिम्मत नहीं पड़ी कि फिर से प्रधानमंत्री बनने की कोशिश करें। बॉरिस जॉनसन डेली मेल में कॉलम भी लिखने लगे। उन्होंने भी साठ की उम्र में पीएम पद छोड़ा था।

**<u>लेकिन यूके में कानून के राज की आभा का यह उदाहरण देखिए.</u>**

इसी साल दो मई को नगर निगम के मेयर जैसे एक चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री जॉनसन वोट डालने गए तो साउथ ऑक्सफॉर्ड शा: के तीन स्थानीय सामान्य नागरिकों ने उन्हें वोटर आइडी दिखाने को कहा। पूर्व प्रधानमंत्री ने उन्हें एक पत्रिका दिखाई। वे नहीं माने। इस पर स्थानीय पुलिस के जवानों ने उन्हें बिना आईडी वोट नहीं डालने दिया। इस पर वे वापस गए और अपना ड्राइविंग लाइसेंस पहचान के तौर पर लेकर आए। इसके बाद ही उन्हें वोट डालने दिया गया। इस घटना का जिक्र डेली मेल के कॉलम में खुद जॉनसन ने किया। उन्होंने उन तीन नागरिकों की मुक्त कंठ से सराहना की और पुलिस अधिकारियों को शाबाशी दी। क्या भारतीय राजनेताओं में ऐसी विनम्रता और कानून की पालना करने वाले नागरिकों और पुलिस अधिकारियों के प्रति ऐसे सम्मान की कल्पना भी की जा सकती है? अगर जॉनसन भारत में होते तो चुनाव आयोग वाले कोशिश करते कि उनके घर से ही वोट डलवाकर ले आया जाए! इस तंज को छोड़कर अगर हक़ीक़त भी देखें तो किसी पूर्व विधायक को भी परिचय पत्र दिखाने की ज़रूरत शायद ही होती हो। इस दौर में 49 साल की लिज ट्रस को यह पद मिला, जो महज 50 ही दिन प्रधानमंत्री रहीं। इस छोटे कार्यकाल का उन्हें बहुत मलाल रहा और वे कई बड़ी सभाओं में इसके लिए अपने ख़िलाफ हुई दुर्भिसंधियों को जिम्मेदार बताती रहीं। उन्होंने 'टेन ईयर्स टू सेव द वेस्ट' पुस्तक लिखी, जो चर्चित रही। इस चुनाव में वे टेरी जेरेमी से हार गई हैं। उनके बाद 42 वर्षीय ऋषि सुनक को प्रधानमंत्री बनने का मौक़ा मिला। सुनक साहब ने हारने की सूचना आते ही दस, डॉउनिंग स्ट्रीट खाली कर दिया। उन्होंने दस, डाउनिंग स्ट्रीट के प्रवेश द्वार पर ही मीडिया से कहा कि जब तक पार्टी का नया नेता नहीं चुन लिया जाता तब तक मैं पद पर हूं, लेकिन इसके बाद तत्काल यह पद छोड़ दूंगा और पार्टी के संसदीय दल में सबसे पीछे की सीट पर बैठूंगा। कहने का अर्थ ये नहीं कि यूके के सब नेता बहुत महान हैं और नैतिकता का पुच्छल तारा लिए घूम रहे हैं; लेकिन वहां लोक लाज का डर है और लोग कानून को कानून मानते हैं। सुनक को देखें और हमारे यहां के नेताओं को। सुनक महज 44 साल के हैं। वह राहुल गांधी से दस साल और नरेंद्र मोदी से तीस साल छोटे हैं और राजनीति से संन्यास की ओर अग्रसर हैं। शायद अगले चुनाव में वे उतरें ही नहीं। इतना ही नहीं, सुनक ने पीएम पद से इस्तीफा देने के बाद नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री और उनके परिवार के प्रति जो शब्द प्रयुक्त किए हैं, उनकी मर्यादा देखते ही बनती है। राजनीतिक पदों पर लगातार बने रहने की नेताओं की जिद के कारण भारतीय लोकतंत्र में एक सड़न पैदा हो गई है। दुनिया में भारत ही एक देश है, जहां दक्षिण हो, वाम हो, पूर्व हो, पश्चिम हो, सबके सब काठ की हांडियों को चूल्हे पर चढ़ाने की सियासत करते हैं। यहां का कुछ इंद्रजाल भी ऐसा है कि लोग चूल्हों पर चढ़ी काठ की हांडियों में अपने लिए कुछ पकता हुआ भी महसूस करते हैं। आख़िर भारतीय राजनीति कब बदलेगी और कब लोग इस बारे में कहना शुरू करेंगे कि जो हार जाए, वो विदा हो जाए और अपनी पार्टी के भीतर से नई प्रतिभाओं को मौका दे। अगर अंग्रेज़ से लड़ने के लिए 17 साल के लड़के फांसी पर झूल सकते हैं, तो क्या ख़तरनाक़ और लोक विरोधी शक्तियों से लड़ने वाली प्रतिभाएं एक सौ इकतालीस करोड़ लोगों में नहीं सामने आएंगी?

(साभार )

# ब्याज का कारोबार नस्लों को बर्बाद कर देता है

**<u>मैं अपने पाँव मे जंजीरें डाल कर खुद ही ! ये सोचता हूँ कि आखिर मिरी खता क्या है !!</u>**

ब्याज एक समाजिक बुराई है जो समाज को खोखला कर देती है

ब्याज के कारोबार मे दोलत बढती दिखाई ही देती है जबकि वास्तविकता यह कि ब्याज का कारोबार दोलत को घटाता है वही जकात का निजाम दोलत को बढाता है लेकिन अफसोस हमारे समाज मे जिस गति से सुद ( ब्याज ) का कारोबार बढ रहा है उसे देखकर युहद और नसारा भी दंग है। वैसे सूद ( ब्याज ) का शाब्दिक अर्थ कुछ खास माल मे ज्यादती का नाम सूद है। जिसको यू कहा जा सकता है कि एक व्यक्ति के उधार लेने पर उधार देने वाला व्यक्ति निश्चित समय बाद उधार दी रकम के साथ बढाकर रकम ले और न देने पर समय समय पर बढाकर रकम लेता रहे जब तक उधार ली गई मूल रकम वापस न कर दे वह सूद ( ब्याज ) कहलाता है

जिस कोम का निजाम जकात पर चलने का हुक्म हो

अल्लाह तआला की नजर मे सबसे बङी बुराई सूद का कारोबार है

उस सूदी ( ब्याज ) कारोबार से ही जो कोम अपनी कामयाबी और तरक्की समझ रही है उससे बुरी सोच उस कोम।के लिए कुछ नही हो सकती है। जबकि अल्लाह ने सूद खाने वाले , खिलाने वाले और गवाहों और लिखने वाले पर लानत भेजी है और सभी को बराबर का गुनाहगार माना है आज समाज के अमीर लोग कमो बेस सूद का कारोबार मे जुङ चुके है। वही गरीब लोग अपनी बदहाली को सूद के कारोबार के जरीये दूर करने मे लगे हुए है जबकि उनकी यही भूल उनको जाल मे लेकर इस क्द्र निचोङती है कि कपङो गहनों बर्तनो तक ही ही ब्याज के भेट नही चङते बल्कि अपना आशियाना और आबरू तक उनके पास से चली जाती है फिर भी ब्याज उनका पिछा नही छोङता और अन्त मे मोत को गले न चाहते हुए उन्हे लगाना पड़ता है समाज मे ब्याज रूपी चक्र लोगो की मजबूरी के अनुसार पांच रूपये प्रति सेकङा से पच्चीस रूपये सेकङा तक घूमता है और कई गरीबों की चीखो से फलता फूलता रहता है हमारे समाज मे गरीबो का एक बड़ा तबका ब्याज रूपी कारोबार के जाल मे धंसता चला जा रहा है ब्याज के इस कारोबार मे बाहरी लोगो के साथ साथ हमारे आस पास के लोग एजेन्ट बनकर ब्याज लेने वालो के मकान बेचने से लेकर आबरू तक सोदा कराने से नही चूकते है गरीब व्यक्ति को रकम उधार देकर हर माह उससे उधार दी गयी रकम की एवज मे ब्याज वसूल करना न चुकाने पर उसके घर मे आकर बैठना और तरह तरह से उसे परेशान करना कहा तक उचित है ?

जबकि हमारे मजहब इस्लाम मे कहा गया है कि

सूद की सारी किस्मे ( प्रकार ) हराम है अल्लाह ने व्यापार ( तिजारत) को हलाल किया है और सूद ( ब्याज ) को हराम करार दिया है सूद का एक दिहरम ( एक रूपया) जो मर्द , औरत जानबूझकर खा ले वह छतीस बार जिन्ना करने से भारी है सूद ( ब्याज )) के तेहतर दर्जे है उनका मामूली दर्जा अपनी मां से निकाह करे और सबसे बड़ा सूद मुसलमान की इज्ज्त तबाह करना है ब्याज रूपी कारोबार से तबाह होते मुसलमानों को निजात दिलाने की जिम्मेदारी रहबरो और दोलमन्द लोगो की है !

एक हदीस मे कहा गया है कि जो शख्स दस इन्सानो पर अमीर है , कयामत के दिन उसके गले मे तोक ङाल दिया जायेगा , यहा तक कि उसका उसका इंसाफ उसे निजात दिलायेगा या उसका जुल्म उसको तबाह कर देगा ! आओ ब्याज विरोधी मुहीम और जकात को हकदार लोगो तक पहुंचाने के लिए इन्तजाम करे ताकी आनेवाली नस्लों के सामने शर्मिन्दा होने से बच सके

ऐसी नौबत ही न आये यही कोशिश कीजे

ठोकर खा के तो कोई भी सभल जाता है।

मौहम्मद रफीक गौङ
( एडवोकेट )

# इस्लाम धर्म में तहारत (सफ़ाई) की अवधारणा

स्वच्छता को इस्लाम धर्म में बहुत महत्व दिया जाता है, जो कुरान की आयतों और प्रवचनों के माध्यम से ज़ाहिर होता है। इस्लाम मुसलमानों को शारीरिक, आध्यात्मिक और पर्यावरणिक स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है।

तहारत (सफ़ाई) आधा ईमान है - मोहम्मद साहब ( स.अ)

अल्लाह उन्हें प्यार करता है जो अपने आप को शुद्ध करते हैं (कुरान 9:108)

'वाकई, अल्लाह उन लोगों से प्यार करता है जो सदैव तौबा करते हैं और उन लोगों से प्यार करता है जो अपने आप को शुद्ध करते हैं [क़ुरान, 2:222] इस्लाम की मूलभूत विशेषताओं में पाँच स्तंभ शामिल हैं, अगर हम इन पाँचों सिद्धांतों का गहनपूर्वक अध्यन्न करें तो पायेंगे कि इनका तालुक़ भी पाकीजगी या तहारत के साथ है।

1. शहादत (ईमान) इस्लाम मैं सफ़ाई को इतना महत्व दिया है की जैसा मैंने पहले भी वर्णन किया है सफ़ाई को आधा ईमान माना है, यानी आप का ईमान जबतक मुकम्मल नहीं होता जबतक आप तहारत (सफ़ाई ) पर ध्यान ना दें ।

2. सलात (नमाज), वुज़ु - नमाज़ पढने से पहले अपने शरीर को जल से पवित्र करना। वैसे जल से शरीर को पवित्र करना ।लगभग सभी धर्मों से आदिकाल से रहा है। मोहनजोदड़ो में स्नानागार मिला है जो इसी तरफ़ इशारा करता है। हिंदू धर्म में स्नान और नदियों की पवित्रता से हम परिचित हैं। इसे 'अभिषेचन विधि कहा जाता है।

मोमिनों! जब तुम नमाज के लिए तैयार होते हो, तो अपने चेहरे, अपने हाथों को (हाथेलियों और बांहों तक) धो लो; अपने सिर को भी (पानी से) मालिश करो और अपने पैरों को टखनों तक धो लो। अगर तुम पाकीज़ा न हो तो पूरे शरीर को स्नान करो। [5 : 6]

साफ़ कपड़े - नमाज़ के वक्त हमारे कपड़े पाक साफ़ होने चाहिएँ। जिस जगह नमाज़ पढ़ी जा रही हो वो घर या मस्जिद पाक साफ़ होना चाहिए क़ल्ब की सफ़ाई - नमाज़ पढ़ते वक्त सबसे ज़रूरी यह है कि हमारा दिल साफ़ होना चाहिए और उसमें कोई नफ़रत , ईश्र्या, लालच नहीं होना चाहिए।

3.ज़कात (चंदा), दानशील होना अपनी संपत्ति को शुद्ध करने का एक तरीका है। एक मुस्लिम जो धार्मिक चंदा (सदक़ा ) नहीं देता और आवश्यक वार्षिक जकात (2.5 प्रतिशत दानकर) नहीं चुकाता है, वह असल में अपनी संपत्ति को दूसरों के अधिकारी रूप में संचय करके उसे मलिन कर रहा है। आप स्वयं कल्पना करें की दानशीलता से समाज मैं कितनी बराबरी और हम आहंगी आ सकती है । इसको व्यापक रूप मैं भी देखा जा सकता है। हमारे पास जो भी चीज़ बहुतायत मैं है , चाहे वह शिक्षा हो , समय हो या धन हो ज़ुरूरतमन्द को मिलना चाहिए ।

4.सव्म (रोज़ा) रमजान एक व्यक्ति की आत्मा और मन को शुद्ध करता है। मन की शुद्धि अपने आप की शुद्धि के समान महत्वपूर्ण है। समस्या यह है कि मन हमेशा युक्तिसंगत नहीं होता है। यह नकारात्मक विचारों द्वारा पक्षपातित हो सकता है और रोज़ा हमें इन विचारों और अन्य प्रतिबंधित गतिविधियों से बचने के लिए प्रेरित करता है।

हम कह सकते हैं कि स्वच्छता के इस अवधारणा के पीछे अर्थ और आत्मा परंपरागत स्वच्छता के अवधारणा से ऊपर है। उपवास, सहरी, इफ्तार और ईद की खरीदारी के उत्साह में, हम कुछ महत्वपूर्ण व्यक्तिगत स्वच्छता आदतों का ख्याल खो सकते हैं और ऐसे अनारोग्यकर व्यवहार में संलग्न हो सकते हैं जो हम आमतौर पर नहीं करते हैं।

5. हज (पीलग्रिमेज)। सालाना हज जिसने एक समय मैं बीस लाख से ज़्यादा ज़ायरीन जमा होते हैं स्वास्थ्य और सारी व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त रखने का एक चुनौतीपूर्ण सफ़र है। एक व्यक्ति को समूह मैं किस प्रकार अपने और अपने साथियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए, यह इस पर विशेष ध्यान देता है।

परंतु आज यह भी एक कड़वा सच है की मुस्लिम मोहल्ले या इलाक़े अव्यवस्था का शिकार रहते है । इस बात को याद रखना महत्वपूर्ण है कि धार्मिक अभ्यासों का पालन व्यक्तियों और समुदायों के बीच भिन्न हो सकता है। सांस्कृतिक प्रभाव, शिक्षा या जागरूकता की कमी, सामाजिक दबाव और आर्थिक स्थितियाँ सिद्धांतों से भटकने का कारण बन सकते हैं।इसका प्रमुख कारण आर्थिक बदहाली, बढ़ती आबादी और घटता जीवन स्तर है। जिय़दातर इलाक़ों मैं बहुमंज़िला निर्माण पाये जाते है जिनके कारण खुली जगह चौड़े रास्ते और यहाँ तक की सूरज की रोशनी मिलना भी दुशवार है।

स्थिति में सुधार के लिए, एक बहुमुखी दृष्टिकोण आवश्यक है। शिक्षा इस्लामी शिक्षाओं की समझ को बढ़ावा देने और इनका पालन करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मस्जिदें और इस्लामी संगठन जागरूकता अभियान, कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित कर सकते हैं, जहां स्वच्छता और इस्लाम के मौलिक पहलू की महत्वता को बल दिया जा सकता है।समुदाय के नेता, विद्वानों और इमाम भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, जब वे बयानों को देकर और इस्लाम में स्वच्छता की महत्वता पर मार्गदर्शन प्रदान करके सहायता करें। इसके अलावा, परिवार, स्कूल और पड़ोस में स्वच्छता का लगातार महत्व समझाएँ। खाद्य संक्रमण, गैस्ट्रोएंटेराइटिस, दस्त, न्यूमोनिया, ट्राकोमा, त्वचा संक्रमण आदि ऐसी बीमारियाँ जीवाणुओं और कीटाणुओं के कारण होती हैं जो अपर्याप्त घरेलू और व्यक्तिगत स्वच्छता से उत्पन्न होते हैं। उचित व्यक्तिगत स्वच्छता और साबुन और साफ, बहते हुए पानी (यदि उपलब्ध हो) से नियमित रूप से शरीर के अंग और बालों को धोने के माध्यम से कई बीमारियों और स्थितियों को रोका या नियंत्रित किया जा सकता है। अच्छे शरीर धोने के तरीके से स्वच्छता से संबंधित बीमारियों के प्रसार को रोका जा सकता है।

इस्लाम में सफ़ाई की नीयत पर बहुत ज़ोर दिया है।

अगर हमारे घरों के आसपास या घर में कचरा रहता है तो हमारे दिमाग़ पर भी इसका असर पड़ता है। हमें इस चीज का भी ख़्याल रखना चाहिए कि हमारी वजह से अन्य लोग या प्रशासन को दिक़्क़त नहीं हो। उदाहरण के लिए अगर हमारे पड़ोस मैं मांसाहारी नहीं रहते तो हमें कोई हक़ नहीं पहुँचता की हम अपने ख़ान पान का मुज़ाहिरा करें ।

हमें सफ़ाई और पेड़ पौधे लगाने की ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए। हरियाली बढ़ाने और नये पेड़ लगाने के बारे मैं इस्लाम और हदीस मैं दान का कार्य कहा गया है । मोहम्मद साहब का कथन है की अगर कय़ामत का दिन आ जाये और मेरे हाथ मैं पौधा हो तो भी उसे लगाना पसंद करूँगा। अल्लाह के रसूल, पैगंबर मुहम्मद (सल्लाहु अलैहि व सल्लम) मानव और अन्य प्राणियों सहित पेड़ पौधों के साथ भी संबंधों पर विशेष ध्यान देते थे। दूसरे शब्दों में, मानव-प्रकृति संबंधों को सुखद बनाना चाहिए, जिसमें पानी संसाधन और पृथ्वी भी शामिल हो, ताकि उनके सभी प्राणियाँ सदैव शांति और समान्वयपूर्ण रूप से रह सकें।

ये प्रयोग केरल के मोहल्लों में बहुत सफलतापूर्वक चल रहा है जहाँ सब लोग मिलकर अपने एरिया में पेड़ लगाते हैं और उनकी देखभाल करते हैं।

सफ़ाई के और भी बहुत फ़ायदे हैं

1. जिन क्षेत्रों में सफ़ाई रहेगी वहां बीमारियों के फैलने का ख़तरा कम रहेगा

2. हमारे मोहल्लों का माहौल अच्छा रहेगा एवं हमारी रोज़ बाहर घूमने और मेल मुलाक़ात की आदत पड़ेगी ।

3. इन मोहल्लों में बड़े बड़े ब्रांड्स के स्टोर खोल पाएंगे

4. इन मोहल्लो में प्रॉपर्टी की क़ीमतें बढने लगेंगी

5. ये एरिया भी शहर की मुख्यधारा में शामिल हो पाएंगे

6. इन एरिया में अच्छे एजुकेशन के इन्स्टीट्यूशन आएँगे।

7. पेड़ पौधे लगेंगे तो पर्यावरणीय चेतना आएगी और प्रदूषण कम होगा।

लेकिन ये सब काम तभी हो पाएंगे जब हम प्रशासन की तरफ़ मुँह नहीं देखें बल्कि मोहल्ले वाले ख़ुद मिलकर इस बात की कोशिश करें कि वह मोहल्ले को हरा भरा बनाया मोहल्ले के अंदर पेड़ लगाए जाएँ। इसके लिए हर मोहल्ले की एक कमेटी बने जो साफ़ सफ़ाई के लिए जागरूकता फैलाए और निगरानी का काम भी करे। कचरे के निस्तारण की समुचित व्यवस्था हो और गीला और सूखा कचरा अलग रखा जाए। कमेटी कचरे से खाद बनाने का कार्य भी कर सकती है। सबसे ज़रूरी चीज़ ये है कि हम एक दूसरे से मिल कर रहे हैं सुकून चैन और अमन के साथ रहे और क़ल्ब की सफ़ाई पर बहुत ध्यान दे।

# आज के दौर की इस्लामी शादियां

इस्लाम में मर्द और औरत के मिलाप के लिए जो रहनुमाई की है उसे निकाह कहा जाता है। निकाह का मकसद यह है कि शरीयत के दायरे में रहकर इस बंधन में बंध जाने के बाद मियां बीवी अपनी ख्वाहिश पूरी करें,जो वह एक दूसरे से चाहते हैं। निकाह से पहले जो एक दूसरे के लिए हराम थे, निकाह से अब हलाल हो गए। उन्हें एक दूसरे के साथ रहने का दीनी व कौमी हक हासिल हो गया। उन दोनों पर एक दूसरे की खिदमत वगैरह, जरूरतें पूरी करने की जिम्मेदारी आ गई। यह सारे अख़्तियारत निकाह के 2 लफ़्ज़ो में शामिल होते हैं।

चंद लोगों की मौजूदगी में दो गवाहों के सामने एक ने कहा- मैंने तुमसे निकाह किया और दूसरे ने कहा मैंने कबूल किया, बस निकाह हो गया। इस पाक रिश्ते में बंधने और बांधने के लिए इतना ही काफी है।

अल्लाह के रसूल हजरत मुहम्मद ने इसी सादगी के साथ मस्जिद-ए-नबवी में ना जाने कितने सहाबा को निकाह के मुबारक रिश्ते में जोड़ा। इसलिए कहा जाता है की निकाह मस्जिद में होना चाहिए। बात सिर्फ इतनी थी, लेकिन अफसोस आज दुनिया ने इसे कहां से कहां पहुंचा दिया है।

अब तो सालों पहले से इसकी तैयारी होने लगती है। दोनों तरफ से खूब- खूब खर्चे करा कर उन्हें तबाह करने की स्कीमे बनाई जाती है। अब तो हाल यह है कि घर में लड़की पैदा हुई और पता हैं की उसका निकाह 18 से 20 साल बाद होगा लेकिन पैदा होते ही घर वाले उसे एक बोझ समझने लग जाते हैं। उसके लिए फ़िक्रमंद हो जाते हैं, बैंकों में उसके नाम से बचत खाता खोल लिए जाते हैं। उस बच्ची का बीमा भी करा देते हैं। उसके नाम से तरह-तरह की बचत स्कीमों को तलाशने में लग जाते हैं ताकि उसकी शादी धूमधाम से हो सके यह सब क्यों हुआ? हकीकत तो यह है कि इंसान ने अपनी कब्र खुद ही खोद ली है। अल्लाह की बख़्शी नेमतों लज़्ज़तो को खुद ही अपने लिए मुसीबत व अज़ाब बना डाला हैं। सुख के बदले दुख, राहत, चैन सुकून के बदले बेचैनी व परेशानी मोल ले ली है, हालांकि इस्लामी नज़रिये से अगर किसी के कई लड़कियां हो तो भी उसे फिक्रमंद होने की जरूरत नहीं लेकिन आजकल तो एक या दो बेटियां भी लोगो पर बोझ बन गई है।

इस्लामी शरीयत में निकाह के मामले में लड़की-लड़के वालों पर कोई बोझ नहीं है। किसी पर कुछ खर्चा वाजिब नहीं किया गया हैं कि इतना और यह तो करना ही पड़ेगा।

किसी को नाश्ता पानी और खाना खिलाने पर भी मजबूर नहीं किया गया है। हां, वलीमे की दावत को सुन्नत करार दिया गया है, लेकिन अफसोस आज हमारी कौम ने इस्लामी क़द्रो व रिवाजो को एक तरफ रख दिया है, और मांगने और खाने पर उतर आए हैं। रिश्ता तय हुआ की लड़के वालों ने लड़की वालो से कहा की हम बारात लेकर आएंगे बारातियो को यह-वह खिलाना होगा, हमें यह-वह सामान देना होगा। ऐसे लोग अल्लाह की नजर में सख्त गुनहगार हैं। जिसका अंजाम उन्हें आखिरत में भुगतना होगा।

आजकल लोग एक नेक बंदा जो इज़्ज़त से नौकरी या धंधा करके हलाल कमाई करता हैं। उसकी आमदनी देखकर रिश्ता करते हैं। दूसरी तरफ अगर लड़का पढ़ा लिखा नहीं हैं और ऊपर से गुंडा मवाली हैं लेकिन पैसे वाला हैं, उसे ख़ुशी से अपनी लड़की सौंप देते हैं। भले ही शादी के बाद वह उसे मारे पिटे, सब मालूम होने के बावजूद कुछ लोग सिर्फ पैसा देखकर अपनी फूल सी बेटी उसे सौंप देते हैं।

यह हैं आजकल के कुछ मुसलमान अल्लाह ऐसे लोगो को तौफीक दे। अपने आप को पढ़े लिखे, मालदार व इज़्ज़तदार समझने वाले निकाह के मामले में भिखारी बन गए हैं। इस्लामी शरीयत ने तो लड़की वालों को कुछ भी खर्च करना जरूरी नहीं करार दिया है, बल्कि लड़के वालों को लड़की को मेहर अदा करने की ताकीद की है।

मुस्लिम रिश्ते

रॉयल पत्रिका साप्ताहिक में मुस्लिम रिश्तों में विज्ञापन देने हेतु संपर्क करें -

मोबाइल: 9772552446, 9799559096

## " जोड़े आस्मां पर बनाए जाते है मिलन जमीं पर होता है। "

.जयपुर निवासी 25 वर्षीय/बी.ए./ तलाकशुदा (3 वर्ष की बच्ची है)/ दीनी तालीम याफ्ता, घरेलू कार्य में दक्ष मुस्लिम लड़की हेतु दीनदार, नमाज़ी, नौकरीपेशा/बिजनेसमैन राजस्थानी लड़का चाहिए । इच्छुक सम्पर्क करें- मोबाइल: 98294 43086/97725 52446.

.जयपुर निवासी 25/5'.4"/ M.Sc. B.ed/ पठान लड़की/ गवर्नमेंट में अध्यापिका के पद पर कार्यरत हेतु पढ़े-लिखे गवर्मेंट ऑफिसर/ नौकरीपेशा/बिजनेस मैन लड़का जो शेख/सैयद/पठान खानदान से ताल्लुक रखता हो । संपर्क करें - मोबाइल नंबर: 7223023871

.हनफी अंसारी सुन्नी मुस्लिम डॉक्टर 28/5.5"/BHMS/ खुद की क्लिनिक/जयपुर निवासी हेतु ग्रेजुएट, दीनी तालीम याफ्ता, घरेलू कार्य में दक्ष लड़की चाहिए। सम्पर्क: 7976464322/9772552446

.35/5.2"/B.Sc./Fair colour/ Deeni Taleem yafta Divorced Sunni Muslim girl from educated, reputed family of Jaipur. Presently doing tution job at home. Need educated, settled religious groom. Early Marriage. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9352666093/9772552446

.Sunni Muslim girl 37/5.6"/M.A; MBA/Divorced (No issue)/Deeni Taleem Yafta from well educated and reputed family of Jodhpur. Need well educated, settled and religious suitable man from reputed family from Sayed /Sheikh or Pathan of Udaipur/Jodhpur/Ajmer/Jaipur based boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9314720003/9772552446

• Beautiful Pathan girl 34/M. Tech (Computer Science), Sr. Database Administrator and Software Developer, Finance Department of Secretariat Government of Rajasthan (Pvt basis). Father retired Govt. Officer, well educated and reputed family of Tonk. Needs well educated, settled and religious boy from Jaipur based family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9772552446/9799559096

• Hanafi Sunni Muslim beautiful girl 25/5.5". Education Qualification: Masters in Litrature and PG Diploma in Digital Marketing. Father Govt officer. Well educated and reputed family of Bhilwara. Need well educated, religious, settled boy from reputed family. Contact Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

. 23/5.4"/एम. कॉम; आई टी आई (ड्रेस मेकिंग) व RSCIT कोर्स, दीनी तालीम याफ्ता खूबसूरत जयपुर निवासी अंसारी लड़की। वालिद कॉन्ट्रेक्टर- फेब्रिकेशन वर्क हेतु दीनी, पढ़ा- लिखा खूबसूरत नौकरीपेशा/बिजनेसमैन अच्छे परिवार का लड़का। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाइल नं. 9772552446/9799559096

• Sunni Muslim girl 32/5.8"/M.A; LLB, Perusing LLM/Deeni Taleem Yafta from well educated and reputed family of Jodhpur. Need well educated, settled and religious boy from reputed family from Sayed /Sheikh or Pathan of Udaipur/Jodhpur/Ajmer/Jaipur based boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

• आगरा निवासी लड़की 28/5.5"/ बी. एससी/ खूबसूरत, रंग फेयर, दीनी तालीम याफ्ता, वालिद बिजनिसमैन। रेप्यूटेड पढ़ी-लिखी सुन्नी मुस्लिम सिद्दीक़ी फैमिली हेतु सुंदर, पढ़े-लिखे, बिजनिसमैन/ नौकरीपेशा अच्छे खानदान से ताल्लुक रखने वाले लड़के की । संपर्क- रॉयल पत्रिका ऑफिस, जयपुर। ph . 9772552446, 9799559096

• Jaipur based Sunni Muslim girl 31/B. Tech/Beautiful, Deeni Taleem Yafta. Father retired Govt. Officer. Needs well educated, settled religious boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

• Sunni Ansari Muslim Jaipur based divorced girl 37/M.A; B.ed/Deeni Taleem Yafta. Need suitable educated, settled religious boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446 /9799559096

• Sunni Muslim boy 30/5.10"/80 kg. weight/ Master in Criminology with Gold Medal/own business. Father retired as Dean from Veterinary College. Home town in Tonk, living in Palanpur, Gujarat, well educated, reputed and well settled small family. Need suitable homely, religious, educated girl from reputed family. Preference to Tonk based girl. Contact: Mobile : 9772552446, 9799559096

• Jaipur based Sunni Muslim boy 28/5.8" M.Com and B.PEd degree English medium. At present Tennis Coach in Pvt School, Father businessman, well settled and educated family. Needs Jaipur based homely religious girl . Contact: Mobile : 8107860666

• Udaipur based Syed/Siddiqui girl 28/5.4"/ B.Tech (Electronics & Communication Engineering) Convent educated, working in Bank as Manager (Central Govt. job transferrable all over India), Annual package 8.00 lakh. Father Addl. Director in Govt. Deptt. and Mother Govt. Teacher (Taken VRS). Well reputed and educated family. Needs suitable religious Muslim boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446, 9799559096.

• जयपुर निवासी सुन्नी सैयद मुस्लिम लड़की 27/5.2" एम.ए. (पॉलिटिकल साइंस), दीनी तालीम याफ्ता खूबसूरत, घरेलू कार्य में दक्ष, वालिद एडवोकेट- नोटरी पब्लिक, प्रतिष्ठित पढ़ी लिखी, स्माल फैमिली हेतु पढ़े लिखे नौकरीपेशा/बिजनिसमैन सुयोग्य युवक चाहिए। जयपुर निवासी को प्राथमिकता। इच्छुक संपर्क करें : 9772552446, 9799559096

• चुरू (राजस्थान) निवासी सुन्नी मुस्लिम दीनी तालीम याफ्ता लड़की 23/5.2" एम. एससी. (फिजिक्स), रंग फेयर, बैंक एक्जाम की तैयारी कर रही हेतु सुयोग्य, पढ़े - लिखे व सेटल्ड मुस्लिम युवक को प्राथमिकता । इच्छुक संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाईल : 9772552446, 9799559096

• Udaipur based Sunni Muslim Siddiqui smart boy 30/6'4"/90 weight kg; MBA, complexion fair, job in UAE Bank as Customer Relationship Officer. Need beautiful, well educated, homely cultural & religious girl. Contact : Royal Patrika office, Jaipur Mob : 9772552446, 9799559096

• Nasirabad based Sunni Muslim religious & moral ethics boy 32/5'5 weight 72 kg. Diploma in Information Tech; Diploma in Automobile Engineering. Occupation: Integrated Organic Agro and Poultry Farming. Father Dy. Director (Retd) from Military Engineer Service. Needs beautiful, Caring, Compassionate, Sensitive,
Homely, Cultured & Religious girl for well educated family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• सुन्नी मुस्लिम नसीराबाद निवासी फेयर व सुंदर लड़का 28/5'11"/बी ए ; होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा, स्वयं की ट्रांसपोर्ट कंपनी आय 2/2.5 लाख प्रति माह । फादर बिजनेसमैन, मदर का स्वयं का लेडीज गारमेंट्स, किड्स क्लोथ्स शोरूम हेतु सुंदर, सुशील पढ़ी लिखी लड़की चाहिए। संपर्क- रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। Ph. 9772552446, 9799559096

• 28/5'5" B.A, B.ed. divorced, no issue. Father Retd. Sr. Dy. DEO, Mother Retd. Librarian. Jaipur based educated Syed Sunni Muslim family. Needs educated, well settled boy. Contact : Royal Patrika office, Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• Suitable match for Jaipur based Syed girl 22/5'3" B. A. And Deeni Taleem Yafta sister (married). Contact: Royal Patrika office. Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• Ajmer based Sunni Muslim Pathan boy 31/5.9"/B. Sc; Bio Tech & Hotel Management Diploma/63 kg. weight/Own Business. Needs suitable religious, homely, educated girl from reputed family. Preference to Pathan, Sheikh & Syed caste. Contact: Royal Patrika Office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

• सीकर निवासी मुस्लिम युवक 40/5.6" वाटर प्रूफिंग ठेकेदार के लिए 30 से 35 साल की दीनी, घरेलू , तलाकशुदा/विधवा को प्राथमिकता । इच्छुक मय बायो डाटा सहित संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर । मोबाइल : 9772552446/ 9799559096

• Suitable match for Jaipur based Sunni Pathan girl 32/5'4" B.Com; CS Inter completed, Deeni Taleem Yafta. Educated small family. Father retired from JDA. Needs well settled, educated boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• 29/5.3 " पोस्ट ग्रेजुएट व 26/5.3" ग्रेजुएट दीनी तालीम आफता व नमाजी रेप्यूटेड फैमिली जयपुर निवासी, दोनों बैंक में कार्यरत मुस्लिम (सैयद ) युवकों के लिए खूबसूरत दीनी तालीम के साथ-साथ ग्रेजुएट व घर के काम मे दक्ष लड़कियां | बायोडाटा सहित संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय,जयपुर। Ph. 9772552446, 9799559096

• खूबसूरत अंसारी लड़की 33/5'/ एम ए/ तलाकशुदा/ दीनी तालीम याफ्ता, घर के कामों में माहिर, जयपुर निवासी हेतु सुयोग्य पढ़े लिखे अच्छे फैमिली का लड़का । इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर । मोबाइल : 9887910863/9772552446

•खूबसूरत अंसारी लड़की 27/5.5"/पोस्ट ग्रेजुएट/ तलाकशुदा/ दीनी तालीम याफ्ता, घर के कामों में माहिर, सरकारी जॉब की तैयारी, पढ़ी-लिखी जयपुर की प्रतिष्ठित फैमिली हेतु सुयोग्य पढ़े-लिखे अच्छे फैमिली का लड़का । इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर । मोबाइल : 9887910863/9772552446

• Hanafi Sunni Muslim smart boy 28/5.8"/MBA; B.Tech (Civil Engineer)/Own Business. Father Govt. Officer. Well educated and Reputed family of Bhilwara. Needs well educated, homely girl from reputed family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096.

•मुस्लिम कायमखानी युवती 25/ बीयूएमएस, फार्मेसी में डिप्लोमा/ वर्तमान में राजकीय चिकित्सा अधिकारी, वालिद वरिष्ठ राजकीय नर्सिंग अधिकारी, सीकर की पढ़ी-लिखी, प्रतिष्ठित फैमिली हेतु सुयोग्य लड़का, राजकीय सेवारत अधिकारी को प्राथमिकता । इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाइल : 9414288231/9772552446

# राजस्थान इन्वेस्ट समिट 2024 प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा- टी. रविकांत



जयपुर । आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत की अध्यक्षता में शुक्रवार को दिसम्बर माह में होने वाले इन्वेस्ट राजस्थान समिट-2024 की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रमुख शासन सचिव ने समिट के सफल आयोजन के लिए प्री—इन्वेस्टमेंट समिट के आयोजन एवं समिट से संबंधित कार्ययोजना बनाए जाने के निर्देश दिए। प्रमुख शासन सचिव ने अधिकारियों को राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट-2024 एवं प्री इन्वेस्टमेंट समिट से जुड़े तमाम जरूरी इंतजाम एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। रविकांत ने कहा की सभी नगर निकाय निवेशकों का चिन्हीकरण करें साथ ही अप्रवासी राजस्थानीयों से संवाद स्थापित करे जिससे की इन्वेस्टमेंट समिट को ओर व्यापक बनाया जा सकें। उन्होंने स्टेक हॉल्डरस् के साथ कन्सलटेशन व नोलेज पार्टनरशीप पर भी अपना ध्यान केन्द्रित करने के निर्देश दिये। बैठक में अरबन सेक्टर के अन्तर्गत विभिन्न सबसेक्टर यथा टूयूरिज्म, मेडिकल, उद्योग, वेयरहाउस तथा क्षेत्र विशेष के अनुरूप विशिष्ठ सेक्टर के चिन्हीकरण को प्राथमिकता दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में स्थानीय निकाय विभाग, राजस्थान आवासन मंडल, विकास प्राधिकरणों, नगर निगमों, नगर नियोजन विभाग, जयपुर मैट्रो, नगरीय विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रदेश में आयुर्वेद, योग एवं नेचुरोपैथी, होम्योमपैथी व यूनानी महाविद्यालय खोलने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन – डॉ. प्रेम चन्द बैरवा



जयपुर । आयुर्वेद मंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि प्रदेश में आयुर्वेद, योग एवं नेचुरोपैथी, होम्योयपैथी व यूनानी महाविद्यालय खोलने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। उन्होंने सदन में आश्वासन दिया कि योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालयों में इसी विषय के योग्यताधारी शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

आयुर्वेद मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

इससे पहले विधायक दीप्ती किरण माहेश्वरी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में आयुर्वेद मंत्री ने आयुष विभागान्त गर्त विगत 03 वर्षों में आयुर्वेद एवं योग, नेचुरोपैथी एवं होम्योभपैथी महाविद्यालय खोलने की घोषणाओं के संबंध में जानकारी दी। बैरवा ने बताया कि वर्ष 2021-22 में जयपुर, बीकानेर, भरतपुर, अजमेर, कोटा एवं सीकर में आयुर्वेद एवं योग व नेचुरोपैथी के एकीकृत महाविद्यालय तथा उदयपुर व जोधपुर में योग व नेचुरोपैथी महाविद्यालयों की घोषणा की गई। वर्ष 2022-23 में तारानगर (चूरू) में आयुर्वेद महाविद्यालय एवं वर्ष 2023-24 में नाथद्वारा (राजसमन्द।) में आयुर्वेद एवं योग व नेचुरोपैथी का एकीकृत महाविद्यालय, भरतपुर में होम्यो पैथी महाविद्यालय तथा जोधपुर में यूनानी महाविद्यालय खोले जाने की घोषणा की गई।

# राजस्थान में भू-विज्ञानी एवं खनन सहायक इंजीनियर के पदों पर निकली भर्ती

जयपुर । राजस्थान में जियोलॉजिस्ट एवं असिस्टेंट माइनिंग इंजीनियर पदों पर भर्ती निकाली गई है। जो भी अभ्यर्थी सरकारी नौकरी की तलाश में हैं और इस भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं वे इस भर्ती में शामिल होने के लिए 22 जुलाई 2024 से आवेदन कर सकेंगे। एप्लीकेशन फॉर्म केवल ऑनलाइन माध्यम से राजस्थान पब्लिक सर्विस कमीशन (RPSC) की ऑफिशियल वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in पर जाकर भरा जा सकेगा। आरपीएससी ने एप्लीकेशन फॉर्म भरने की लास्ट डेट 20 अगस्त 2024 तय की है।

योग्यता एवं मापदंड

असिस्टेंट माइनिंग इंजीनियर पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी ने माइनिंग इंजीनियरिंग में डिग्री/ डिप्लोमा प्राप्त किया हो वहीं भू-विज्ञानी पदों पर आवेदन के लिए जियोलॉजी/ एप्लाइड जियोलॉजी में पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री प्राप्त की हो। इसके साथ ही अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 20 वर्ष से कम और अधिकतम आयु 40 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग से आने वाले उम्मीदवारों को नियमानुसार छूट दी जाएगी। आयु की गणना 1 जनवरी 2024 को ध्यान में रखकर की जाएगी।

RPSC Recruitment 2024 नोटिफिकेशन डाउनलोड करने के लिए यहां क्लिक करें।

कैसे कर सकेंगे आवेदन

इस भर्ती में आवेदन पत्र ऑफिशियल वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in पर या SSO पोर्टल sso.rajasthan.gov.in पर जाकर भरा जा सकेगा। एप्लीकेशन फॉर्म भरने के साथ ही उम्मीदवारों को निर्धारित शुल्क भी जमा करना है तभी आपका फॉर्म स्वीकार्य होगा। जनरल एवं अन्य राज्यों के उम्मीदवारों को शुल्क के रूप में 600 रुपये और ओबीसी/ बीसी/ एससी/ एसटी वर्ग को 400 रुपये का भुगतान करना होगा। आवेदन में करेक्शन करने के लिए 500 रुपये जमा करना होगा। इस भर्ती के माध्यम से जियोलॉजिस्ट के 32 रिक्त पदों और असिस्टेंट माइनिंग इंजीनियर के 24 रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। भर्ती से जुड़ी विस्तृत डिटेल के लिए अभ्यर्थी एक बार आधिकारिक अधिसूचना का अवलोकन अवश्य कर लें।

## नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने ऑफिसर पदों पर निकाली भर्ती

### -एज लिमिट 65 साल, सैलरी 6 लाख तक

नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) ने ज्वॉइंट एडवाइजर के पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट nhai.gov.in के माध्यम से अप्लाई कर सकते हैं। ये भर्तियां प्रिंसिपल डीपीआर एक्सपर्ट, सीनियर हाईवे एक्सपर्ट से लेकर टनल, ब्रिज एक्सपर्ट समेत कई पदों पर की जाएंगी।

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :
पद के अनुसार ग्रेजुएशन/ सिविल इंजीनियरिंग/ पोस्ट ग्रेजुएशन, पीएचडी और 15 साल तक का कार्य अनुभव जरूरी।

सिलेक्शन प्रोसेस :
इंटरव्यू बेसिस पर।

सैलरी :
- प्रिंसिपल डीपीआर एक्सपर्ट : 6 लाख
- सीनियर हाईवे एक्सपर्ट : 5.50 लाख
- रोड़ सेफ्टी एक्सपर्ट : 4.50 लाख
- ट्रैफिक एक्सपर्ट : 4.50 लाख
- एनवायरनमेंट, फॉरेस्ट स्पेशलिस्ट : 2.30 लाख
- लैंड एक्विजिशन एक्सपर्ट : 2.30 लाख
- जियोटेक्निकल एक्सपर्ट : 2.30 लाख
- ब्रिज एक्सपर्ट : 5.50 लाख
- टनल एक्सपर्ट : 5.50 लाख

ऐसे करें आवेदन :
- एनएचएआई की ऑफिशियल वेबसाइट nhai.gov.in पर जाएं।
- होम पेज पर क्लिक करें।
- इसके बाद "ऑनलाइन आवेदन करें" पर क्लिक करें।
- जरूरी डिटेल्स दर्ज करके डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।
- आवेदन सब्मिट करें।

इसका प्रिंट निकाल कर रखें।

**अंतिम तिथि 18 जुलाई 2024**

## BSF में 141 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन दोबारा शुरू

सीमा सुरक्षा बल (BSF) ने 100 से ज्यादा पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया दोबारा शुरू की है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट bsf.gov.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। बीएसएफ भर्ती 2024 के जरिए भरे जाने वाले पदों में पैरामेडिकल स्टाफ, एसएमटी वर्कशॉप, वेटरनरी स्टाफ और लाइब्रेरियन में ग्रुप ए, बी और सी पद शामिल हैं। सबसे पहले इस भर्ती के लिए आवेदन की शुरुआत 18 मई को की गई थी। लास्ट डेट 17 जून थी।

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :
जीएनएम, लैब टेक्नीशियन, आईटीआई, 10वीं पास, 12वीं पास और लाइब्रेरी साइंस में डिग्री।

आयु सीमा :
21 से 30 साल के बीच।

फीस :
- जनरल : 100 रुपए
- ओबीसी : 100 रुपए
- आर्थिक रूप से कमजोर : 100 रुपए
- एससी : छूट
- एसटी : छूट

सिलेक्शन प्रोसेस :
- लिखित परीक्षा
- फिजिकल टेस्ट
- स्किल टेस्ट
- डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन
- मेडिकल टेस्ट

सैलरी :
- पैरा मेडिकल स्टाफ (ग्रुप-बी) : पे स्केल लेवल-6 के तहत 35,400-1,12,400 रुपए प्रतिमाह।
- पैरा मेडिकल स्टाफ (ग्रुप-सी) : पे स्केल लेवल-5 के तहत 29,200-92,300 रुपए
- एसएमटी वर्कशॉप (ग्रुप-बी) : पे स्केल लेवल-6 के तहत 35,400-1,12,400 रुपए
- एसएमटी वर्कशॉप (ग्रुप-सी) कॉन्स्टेबल : पे स्केल लेवल-5 के तहत 21,700-69,100 रुपए
- वेटनरी स्टाफ (ग्रुप-सी) हेड कॉन्सटेबल : 25,500-81,100 रुपए
- कॉन्स्टेबल : 21,700-69,100 रुपए
- इंस्पेक्टर ग्रुप-बी : पे स्केल लेवल-7 के तहत 44,900-1,42,400 रुपए

ऐसे करें आवेदन :
- ऑफिशियल वेबसाइट rectt.bsf.gov.in पर जाएं।
- होमपेज पर भर्ती सेक्शन पर क्लिक करें।
- अप्लाय करने वाले लिंक पर क्लिक करें।
- फीस का भुगतान करके फॉर्म सब्मिट करें।
- आगे की जरूरत के लिए फॉर्म का प्रिंट आउट लेकर रखें।

अंतिम तिथि 25 जुलाई 2024

## इंडियन बैंक में 1500 पदों पर निकली भर्ती, ग्रेजुएट्स करें अप्लाई




इंडियन बैंक ने अप्रेंटिस के 1500 पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट indianbank.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन : किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से किसी भी विषय में ग्रेजुएशन की डिग्री या केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई समकक्ष योग्यता।
- उम्मीदवारों ने 31.03.2020 के बाद ग्रेजुएशन की डिग्री पूरी कर ली हो।

आयु सीमा : 20 से 28 वर्ष के बीच।
- भारत सरकार के नियमों के अनुसार SC/ST/OBC/PWBD कैटेगरी के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

फीस : जनरल, ईडब्ल्यूएस, ओबीसी : 500 रुपए
- एससी, एसटी, पीएच : निःशुल्क

सिलेक्शन प्रोसेस : लिखित परीक्षा
- डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन
- मेडिकल एग्जाम

स्टाइपेंड : 12, 000 - 15,000 रुपए।

ऐसे करें आवेदन : ऑफिशियल वेबसाइट indianbank.in पर जाएं।
- लॉग इन सेक्शन में रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करें।
- जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करके फीस जमा करें।

अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024

## RPSC ने जियोलॉजिस्ट सहित अन्य पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन किया जारी

राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) ने जियोलॉजिस्ट और असिस्टेंट माइनिंग इंजीनियर के पदो पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in. के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

वैकेंसी डिटेल्स : जियोलॉजिस्ट : 32 पद
- असिस्टेंट माइनिंग इंजीनियर : 24 पद
- कुल पदों की संख्या : 56

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन : जियोलॉजिस्ट : भूविज्ञान/ अनुप्रयुक्त भूविज्ञान में मास्टर डिग्री।
- राजस्थानी संस्कृति का नॉलेज।

असिस्टेंट माइनिंग इंजीनियर : माइनिंग इंजीनियरिंग में डिग्री/ डिप्लोमा।
- राजस्थानी संस्कृति का नॉलेज।

आयु सीमा : उम्मीदवारों की आयु 20 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
- आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

फीस : •सामान्य और अन्य राज्य के उम्मीदवार : 600 रुपए
- ओबीसी/बीसी : 400 रुपए
- एससी/एसटी : 400 रुपए

सैलरी : पे मैट्रिक्स लेवल - 14 के अनुसार।

सिलेक्शन प्रोसेस : रिटन एग्जाम के बेसिस पर।

ऐसे करें आवेदन : ऑफिशियल वेबसाइट recruitment.rajasthan.gov.in पर जाएं।
- एक बार लाइव होने पर, 'भूविज्ञानी और सहायक खनन अभियंता 2024' के आगे आवेदन लिंक पर क्लिक करें।
- रजिस्ट्रेशन करके लॉग इन करें।
- फॉर्म भरकर फीस का भुगतान करें।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से 11 केवी लाइन का पोल टूटा

**-पार्षद शरीफ की तत्परता से दोपहर तक सुचारू हुई विद्युत आपूर्ति**



बारां। शहर के मांगरोल रोड़ स्थित फूल पीर साहब की दरगाह के पास वक्फ बोर्ड ऑफिस के बाहर लगा खंबा जिस पर 11 केवी लाइन गुजर रही थी, गुरुवार तड़के किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से टूट गया जिससे शहर का 25 प्रतिशत इलाका अंधेरे में डूब गया। वार्ड नंबर 44 के पार्षद मोहम्मद शरीफ रंगरेज ने बताया की गुरुवार तड़के किसी बड़े ट्रोले में ज्यादा ऊंचाई तक समान लोड होने की वजह से ऊपर से गुजर रही 11 केवी लाईन के अड़ गया जिससे पास में लगा खंबा टूट कर पूरी लाईन रोड़ पर गिर गई गनीमत रही की कोई जनहानि नही हुई, विद्त विभाग को सूचना दे कर पूरे क्षेत्र की बिजली बंद करवाई गई, सुबह जल्दी जेईएन सुनील मेहता और अन्य कर्मचारी ठेकेदार को लेकर मौके पर पहुंचे और नया खंबा लगवाकर बिजली चालू करवाई गई।

# देशभर में हो रही मॉब लिंचिंग के खिलाफ एस.डी.पी.आई. ने किया प्रदर्शन



बारां, (रॉयल पत्रिका), लोकसभा चुनाव के बाद देश में मोबलिंचिंग करने की एक बाढ़ सी आ गई है, जिसमें भीड़ तंत्र द्वारा लोगों का कत्ल किया जा रहा है, प्रशासन कत्ल करने वालों की बजाय जिसका कत्ल किया गया है, उसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर रहा है। गैरकानूनी तरीके से इबादतगाहों और मकानो को तोड़ा जा रहा है, इसी के विरोध में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इण्डिया ने जिलाध्यक्ष अब्दुल अजीज के नेतृत्व में अंजुमन चौराहे पर प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। प्रदर्शन में वक्ता प्रदेश कोषाध्यक्ष जाकिर रंगरेज ने कहा कि एन.डी.ए. की सरकार बनने के बाद देश में लगातार मोबलिंचिंग की घटनाएं बढ़ रही है, इसको रोकने के लिए सरकार भीड़ तंत्र पर कानून बनाये। जिला उपाध्यक्ष शहादत अंसारी ने कहा कि ऐसी घटनाएं हमारे देश पर एक काला धब्बा है और ऐसी मोबलिंचिंग और घटनाओं की एस.डी.पी.आई. निंदा करती है और इन मजलूमो के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। जिलाध्यक्ष अब्दुल अजीज ने सरकार से मांग की है कि ऐसी घटना के खिलाफ कड़ा कानून बनाया जाये। जिला सचिव अलीम मंसूरी ने प्रदर्शन में आये सभी कार्यकर्ता एवं लोगों का शुक्रिया अदा किया। प्रदर्शन में हाजी वहीद, अशफाक अहमद, वसीम, गुलशेर अहमद, कमर, इरशाद, पार्षद पति सलामत हुसैन आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शांति समिति बैठक में की आपसी प्रेम और भाईचारे से त्यौहार मनाने की अपील



इस्लामपुर।(रॉयल पत्रिका) मुख्य बाजार स्थित अतिथि भवन में रविवार को डिप्टी हरिसिंह धायल की अध्यक्षता में सीएलजी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डिप्टी व बगड़ एसएचओ हेमराज मीणा ने दोनों समुदाय के लोगों से मोहर्रम प्रेम व भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने हमेशा की तरह शांति की परम्परा को बनाए रखने की बात कही और ग्रामीणों से कहा कि वे हरसंभव प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में आए सभी ग्रामीणों ने प्रशासन का हर संभव सहयोग करने के लिए आश्वस्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि हमारे क्षेत्र में लम्बे समय से सांप्रदायिक सौहार्द चला आ रहा है जिसको हम सभी ग्रामीण अनवरत जारी रखेंगे ओर इस पर किसी भी तरह की आंच नहीं आने दी जाएगी। बगड़ एसएचओ ने कहा कि आपको कोई भी असामाजिक तत्व नजर आए तो हमें तुरंत सूचित करें। उन्होंने रविवार को ताजियों के निर्धारित रूट का विजिट किया ओर व्यवस्थाओं को देखा। बैठक में नायब तहसीलदार, सरपंच आमीन मनियार, कांस्टेबल सुनील, शेर मो., बशीर मनियार, अजीज अहमद, महेश सैनी, अब्दुर्रहमान, अजय खेतान, रहमान भाटी, दीनदयाल गर्वा, प्रमोद गर्वा व नवाब इलाही सहित दोनों समुदाय के गणमान्य लोग मौजूद थे।

# झालावाड नगर परिषद प्रशासन की लापरवाही से आमजन परेशान

**फिरोज खान वारसी**



झालावाड़।(रॉयल पत्रिका) नगर परिषद प्रशासन की लापरवाही के चलते झालावाड़ शहर स्थित खारी बावड़ी सब्जी मंडी मे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल पूरा मामला यह है कि सब्जी मंडी की सुरक्षा हेतु नगर पालिका द्वारा तार फेसिंग करवाई गई थी मगर कुछ ही समय बाद असामाजिक तत्व लोहे की जाली और लोहे की एंगलो को तोड़ कर ले गए। अब एंगल का ऊपरी हिस्सा जमीन से 6 इंच ऊपर है जिससे लोग ठोकरे खाकर गिर रहे हैं साथ ही एंगल से दोपहिया वाहन चालक भी कई बार गिर जाते हैं व गाड़ीयो के टायर फट जाते हैं जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लेकिन नगर परिषद प्रशासन का इस और कोई ध्यान नहीं है। जब इस बारे में भारतीय समाज सेवा संस्था के राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष फिरोज खान वारसी ने लोगों से बात की तो लोगों ने बताया की सब्जीमंडी में दुकान लगाने वाले हर दुकानदार से नगर परिषद द्वारा पर्ची काट कर पैसे वसूले जाते हैं। लेकिन सुरक्षा की ओर कोई ध्यान नहीं है।

# बजट घोषणाओं को धरातल पर लाने के लिए जुट जाएं अधिकारीगण- अविनाश गहलोत

**मोहम्मद आरिफ चंदेल**



झुंझुनूं।(रॉयल पत्रिका) राज्य सरकार द्वारा विधानसभा में बजट पेश करने के बाद उसके त्वरित क्रियान्वयन के मकसद से जिले के प्रभारी मंत्री एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री अविनाश गहलोत ने रविवार को जिले का दौरा किया। उन्होंने जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए कि जिस तेजी से प्रभारी मंत्री एवं प्रभारी सचिव ने जिले का दौरा किया है, उसी तेजी से विभागीय अधिकारी बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के काम में जुट जाएं। गौरतलब है कि शनिवार को इस संबंध में जिले के प्रभारी सचिव डॉ समित शर्मा ने भी बैठक लेकर समीक्षा की थी। बैठक में नवलगढ विधायक विक्रम सिंह जाखल, सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार, प्रभारी सचिव डॉ. समित शर्मा, जिला कलक्टर चिन्मयी गोपाल, पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा, जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी, बनवारीलाल सैनी, पूर्व सांसद नरेंद्र खीचड़, बुहाना प्रधान हरिकृष्ण यादव, सूरजगढ प्रधान बलवान पूनिया, एडीएम रामरतन सौंकरिया, जिला परिषद सीईओ अंबालाल मीणा, कमलकांत शर्मा, निषित चौधरी समेत विभागीय अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक से पहले उन्होंने चुड़ैला में ग्राम पंचायत प्रांगण में पौधारोपण किया। उनका जिले में जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने स्वागत भी किया। वहीं आमजन ने अपनी समस्याओं के ज्ञापन भी सौंपे, जिनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। प्रत्येक बजट घोषणा के क्रियान्वयन का किया बारीकी से रिव्यू किया: बैठक में प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने इंदिरा गांधी नहर आधारित वृहद पेयजल परियोजना के संबंध में पीएचईडी एसई शरद माथुर से भूमि अवाप्ति समेत अन्य कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने यमुना जल को झुंझुनूं में लाने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कार्य की प्रगति जानीं। वहीं स्टेट हाईवे 37, नवलगढ बाईपास, झुंझुनूं शहर के बाईपास के संबंध में बजट घोषणा के क्रियान्वयन के लिए पीडब्ल्यूडी एसई महेंद्र झाझड़िया से जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मुकुंदगढ में गंदे पानी की निकासी हेतु 10 करोड़ रूपए की लागत से ड्रेनेज प्रोजेक्ट के बारे में भी प्रगति जानीं। वहीं डूंडलोद, जाखल व सुल्ताना नगरपालिका के गठन पर बधाई देते हुए इनके क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गहलोत ने नवलगढ़ के लोहार्गल में रोप वे एवं चौबीस कोसी परिक्रमा मार्ग बनाने की बजट घोषणा के संबंध में पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक देवेंद्र चौधरी से विभाग द्वारा तय की गई समय सीमा के बारे में जानकारी ली। जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 5-5 आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की घोषणा पर भी उन्होंने वस्तुस्थिति की जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक बिजेंद्र सिंह राठौड़ से लेते हुए समयसीमा में आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दिए। देवीपुरा बणी में नया पुलिस थाना खोलने के संबंध में उन्होंने पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा से जानकारी ली। प्रभारी मंत्री गहलोत ने बैठक में कहा कि जनप्रतिनिधियों का सम्मान करना अधिकारियों का नैतिक कर्तव्य है। जिले में किसी भी स्तर का कोई भी जनप्रतिनिधि हो, अधिकारीगण उनके साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करें एवं आम जनता की समस्याओं के यथासंभव व यथाशीघ्र समाधान करें। गहलोत ने कहा कि विभागीय अधिकारी शिकायत का मौका न देवें। बकौल गहलोत झुंझुनूं क्षेत्र का प्रत्येक नागरिक सरकार का अंग है।

# पेड़ लगाओ सांस बचाओ अभियान के तहत ॐ नमः गौ रक्षाय सेवाय समिति कोटा द्वारा पौधारोपण किया गया



कोटा(रॉयल पत्रिका)। ॐ नमः गौ रक्षाय सेवाय समिति कोटा राजस्थान 14 जुलाई को पेड़ लगाओ सांस बचाओ अभियान के तहत आर के पुरम वार्ड 28 पार्क संख्या 4 में पौधारोपण किया गया । समिति अध्यक्ष हितेश सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमति राखी गौतम रही, कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष व पार्षद शालिनी गौतम ने की । इस अवसर पर 51 पौधों का पौधारोपण किया गया जिसमें कोटा दक्षिण के पार्षद मोहन नंदवाना, पार्षद अनुराग गौतम, पार्षद प्रफुल्ल पाठक, समाजसेवी मोहित गोत्तम, पी सी मीणा, कोषाध्यक्ष राधेश्याम राठौर, सचिव मुकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष चेतन पारेता, एन एस यू आई जिलाध्यक्ष विशाल मेवाड़ा, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष आशीष गुर्जर,राजेश सोनी,अजित शर्मा,लवलेश ओझा,हरिओम अहीर,भीमसिंह नराणीय, दीपक योगी,रोहित प्रजापति, बंटी मीणा,आदि सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने पौधो को बड़ा होने तक संरक्षण की जिम्मेदारी ली ।

# विधायक गोविंद रानीपुरिया के प्रयासों से मनोहरथाना कस्बे को मिली सौगात



झालावाड़ (रॉयल पत्रिका)। जिले के मनोहरथाना विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक गोविंद रानीपुरिया के प्रयास रंग लाए जिससे राजस्थान बजट में मनोहरथाना क्षेत्र को नया बस स्टैंड, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी कार्यालय एवं बाईपास एमडीआर 176 करीब 3.3 किमी एवं नवीन लहसुन मंडी खोलने की घोषणा सहित अन्य सौगात मिली क्षेत्र के लोगों द्वारा विधायक गोविंद रानीपुरिया का आभार व्यक्त किया।

# शहर की प्रसिद्ध नॉन वेज होटल हयात नवीनीकरण के बाद हुई चालू




बारां (रॉयल पत्रिका)। कुछ दिन पहले अचानक शॉर्ट सर्किट से लगी आग की वजह से बंद हुई होटल हयात रविवार को पूर्ण रूप से रेनोवेट होकर शुरू हो गई। होटल के प्रोपराइटर मोहम्मद आरिफ ने बताया की होटल में पहले की अपेक्षा ज्यादा सिटिंग व्यवस्था, बेहतरीन सजावट के साथ जायकेदार स्वाद ग्राहकों को मिलेगा, जिससे की बारां शहर और आसपास के लोगो को परिवार सहित कोटा शहर की होटलों की तरह फैमली केबिन की व्यवस्था मिलेगी, परिवार के साथ आने वाले लोग किफायती कीमत पर जायकेदार स्वाद के साथ कोटा जैसा अनुभव यहां महसूस कर सकेंगे।

# इस्लामपुर में तिरंगे रंग का अलम रहा आकर्षण का केंद्र

**-ढोल-ताशों की मातमी धुनों के साथ निकला अलम का जुलूस**





इस्लामपुर।(रॉयल पत्रिका) अलम सद्दा का जुलूस रविवार को पूरी अकीदत के साथ निकाला गया। जुलूस जोहर की नमाज के बाद मोहर्रम वाले चौक से शुरू हुआ जो मदीना बाजार, संगम बाजार से होता हुआ देर शाम को सिल्ला वाला चौक में पहुंचा। चौक में अकीदतमंदों का हुजूम उमड़ पड़ा। लोगों ने अपने-अपने घरों में विभिन्न पकवान बनाकर नियाज लगवाई और तबर्रुक तकसीम किया। जुलूस देर शाम को वापस इसी रास्ते से होता हुआ मोहर्रम वाले चौक में जाकर संपन्न हुआ। जुलूस के दौरान तिरंगे रंग का अलम लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। तिरंगे रंग का अलम अनायास ही आमजन का ध्यान अपनी और आकर्षित करता रहा। तिरंगे अलम को लेकर लोग दिनभर चर्चा करते नजर आए। जुलूस के दौरान अकीदतमंदों ने जगह-जगह सबील की स्टालें लगाकर आमजन को ठंडा शरबत पिलाया। मोहर्रम पर रोजा रखने का विशेष महत्व है जिसको लेकर मुस्लिम भाई मंगलवार और बुधवार को दो दिन रोजा भी रखेंगे।

# पूर्व मंत्री प्रमोद भाया ने शिमला कुशवाह हत्या प्रकरण में दोषियों के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर लिखे पत्र

बारां, (रॉयल पत्रिका) । राज्य के पूर्व खान एवं गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया द्वारा गत 04 जुलाई को बारां जिले में ह्रदय विदारक घटित घटना जिसमें आदिवासी युवक से प्रेम विवाह किए जाने से नाराज परिजनों द्वारा युवती शिमला कुशवाह की हत्या कर दी गई थी, इस घटनाक्रम में लापरवाह पुलिसकर्मियों तथा हत्यारों के खिलाफ त्वरित कार्यवाही किए जाने को लेकर पत्र लिखे गए है। कांग्रेस जिला संगठन महामंत्री कैलाश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त घटित घटनाक्रम के लापरवाह पुलिसकर्मियों एवं हत्यारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया द्वारा मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार, गृहमंत्री, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष विधानसभा टीकाराम जूली, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, प्रमुख गृह सचिव, राष्ट्रीय अध्यक्ष मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली, अध्यक्ष एससी/एसटी आयोग नई दिल्ली, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला आयोग नई दिल्ली, अध्यक्ष राज. एससी/एसटी आयोग जयपुर, अध्यक्ष राज. राज्य मानवाधिकार आयोग जयपुर, अध्यक्ष राज. राज्य महिला आयोग, जिला कलक्टर बारां को पत्र लिखते हुए तुरन्त कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है। पूर्व मंत्री प्रमोद भाया ने अपने पत्र में बताया कि जिस देश में बेटी बचाओ, बेटी पढाओ की बात कही जाती है, उसी देश में एक पढ़ी-लिखी व्यस्क बेटी को एक अंर्तजातीय प्रेम विवाह आदिवासी भील युवक से कर लेने पर, युवती के घर वालों, रिश्तेदारों द्वारा अपहरण कर मार दिया गया व साक्ष्य समाप्त करने के लिए हत्या पश्चात शव को जलाने का प्रयास किया गया। उसे पुलिस की लापरवाही के कारण अपनी जान से हाथ धोना पडा, नही तो उसे बचाया जा सकता था। भाया ने कहा कि कार्यवाही का दिखावा करने के लिए हत्या पश्चात शव को जलाने की सूचना मिलने पर दोनों जिले बारां एवं झालावाड़ के पुलिस अधीक्षक मय अन्य अधिकारियों के मौके पर पहुंचे और कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया। जब पीड़ित युवक पुलिस थाना हरनावदा शाहजी में अपनी शिकायत लेकर पहुंचा था उस वक्त थाने में एसएचओ ही नही अपितु उप पुलिस अधीक्षक भी उपस्थित थे। केवल प्रकरण में लीपा-पोती करने के लिए दिखावा करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक, बारां ने थाने के हेड कानिस्टेबल रमेशचन्द को निलम्बित कर कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति की गई है। उन्होनें कहा कि आने वाले समय में अपराधियों के विरूद्व हत्या के दोष के लिए कानूनी कार्यवाही अदालतों में तो चलेगी और हो सकता है कि हत्यारों को सजा भी हो जाए परन्तु बारां के जिन पुलिसकर्मियों ने लापरवाही बरती और जिनकी लापरवाही के कारण इस हत्या को होने से नही रोका जा सका, उनके विरूद्व यदि कोई कार्यवाही नही होती है तो यह सभ्य समाज के मुंह पर एक तमाचा होगा। भाया ने कहा कि बारां जिला पिछड़ा आदिम जनजाति बाहुल्य वाला जिला है जिसमें आदिवासियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस को सदैव सतर्क व तत्पर रहने की आवष्यकता है, परन्तु वर्तमान प्रकरण में जान-बूझ कर लापरवाही व विलम्ब बारां पुलिस द्वारा किया गया जिससे मृतक युवती व उसके व्यथीत पति रविन्द्र कुमार आदिवासी भील के मानव अधिकारों का उल्लघंन हुआ है।

# मोहर्रम पर सफाई , रोशनी सहित विभिन्न मांगों को लेकर पार्षद मोहम्मद आसिम ने कोटा उत्तर निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

कोटा (रॉयल पत्रिका)। मुहर्रम के अवसर पर कोटा उत्तर नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न आयोजनों के चलते सड़क/गली मरम्मत, सफाई और रात में रोशनी की व्यवस्था की मांग को लेकर शुक्रवार 12 जुलाई को मुहर्रम आयोजन से जुड़े समाज के प्रमुख व्यक्तियों ने वार्ड नं 52 के पार्षद मोहम्मद आसिम की अगुवाई में नगर निगम कोटा उत्तर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। पार्षद मोहम्मद आसिम ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि मुस्लिम समाज के पवित्र माह मुहर्रम के शुरू होते ही प्रथम दस दिनों में हर वर्ष की तरह विभिन्न आयोजन किए जाते हैं जिसको सफलतापूर्वक और सुचारू बनाने के लिए नगर निगम की ओर से व्यवस्था की जाती है लेकिन इस बार अभी तक व्यवस्था नहीं की गई। इसीलिए समाज के प्रमुख ज़िम्मेदार व्यक्तियों को साथ लेकर आयुक्त महोदय को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न व्यवस्थाएं करवाने की मांग की है ताकि मुहर्रम के जुलूस सहित विभिन्न आयोजनों को सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाया जा सके तथा साथ ही ताज़िए विसर्जन वाले स्थलों पर बड़ी नावों की व्यवस्था और केईडीएल से ताज़िया के मार्गों पर बिजली के तार ऊंचे करवाने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में वेलफेयर पार्टी के ज़िलाध्यक्ष आसिफ हुसैन, मुहम्मद ख़ालिद, मोहम्मद इरफान, निसार कुरैशी,अनवर हुसैन आदि शामिल थे।

# बारां का चहुँमुखी विकास हमारा लक्ष्य: प्रभारी मंत्री

**शब्बीर हुसैन**



बारां। (रॉयल पत्रिका), जिला प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी ने कहा की हमारी सरकार द्वारा पेश किया गया बजट बारां जिले के स्वर्णिम भविष्य की नींव रखेगा। आपणो अग्रणी राजस्थान की संकल्पना साकार करने के ध्येय के साथ इस बजट में जिले के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न घोषणाओं का समावेश किया गया है। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक ली गई है। बारां जिले को बजट में 1852 करोड़ से भी अधिक के कार्यों की सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी बाधाओं को तत्काल दूर कर बजट घोषणाओं को समय से धरातल पर उतारना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की इन घोषणाओं से संबंधित कार्य किसी भी स्तर पर लंबित न रहे और आमजन को सरकारी योजनाओं, कार्यक्रमों और नीतियों का पूरा लाभ सुगमता से समय पर मिले। प्रभारी सचिव हृदेश कुमार ने जिले में बजट घोषणाओं से संबंधित प्रगति के बारे में अवगत कराया। जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने बिंदुवार बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही का विवरण दिया। देवासी ने बजट क्रियान्वयन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर की गई तैयारी पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा की जिला कलक्टर के निर्देशन में बजट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विस्तृत कार्ययोजना भी तैयार की जा चुकी है, जो संतोष का विषय है। उन्होंने समस्त अधिकारियों को इसी तरह जिले के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर रहने के लिए कहा। प्रभारी मंत्री ने कहा की राज्य सरकार की भावना के अनुरूप बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए समस्त विभागीय अधिकारी गंभीरतापूर्वक कार्यवाही सुनिश्चित करे। मुख्यमंत्री की मंशा है कि जल्द से जल्द बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। बैठक में बारां-अटरू विधायक राधेश्याम बैरवा, किशनगंज विधायक ललित मीणा, पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी, जिला परिषद सीईओ रामवतार गुर्जर, अतिरिक्त जिला कलक्टर दिव्यांशु शर्मा सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**वन महोत्सव कार्यक्रम में एक पेड़ माँ के नाम लगाने का संकल्प**

बैठक उपरांत जिला प्रभारी मंत्री ने बटावदा में 75वे जिला स्तरीय वन महोत्सव में भाग लिया तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया। वन विभाग बारां द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 6500 से अधिक पौधे जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी तथा आमजन के सहयोग से लगाए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी मंत्री ने सभी उपस्थित जनों को एक पौधा मां के नाम तथा एक पौधा राष्ट्र के नाम लगाने का संकल्प दिलाया। पेड़ो की कटाई के मामले में जांच समिति गठित करने के निर्देश प्रभारी मंत्री ने पिछले महीने उप वन संरक्षक कार्यालय परिसर में हुई पेड़ो की कटाई के मामले में अतिरिक्त जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जांच समिति के गठन के निर्देश दिए है। समिति में तहसीलदार बारां तथा आयुक्त नगर परिषद् सदस्य होंगे तथा उक्त मामले की गहनता से जांच कर रपोर्ट देने के भी निर्देश दिए है।

# खींवसर पुलिस ने 4 महिला आरोपियों को किया गिरफ्तार

## -धार्मिक कार्यक्रमों में महिलाओं के गले से चुराए थे सोने के गहने



नागौर। धार्मिक कार्यक्रम के दौरान सोने की चैन तथा लॉकेट छीनने के मामले में नागौर जिले की खींवसर थाना पुलिस ने चार महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी महिला आरोपी दिल्ली की रहने वाली है। साथ ही महिलाओं के पास से सोने जैसी धातु की दो चैन और एक लॉकेट भी बरामद किया गया है। इन महिला आरोपियों ने नारवा में चल रहे धार्मिक कार्यक्रम में आने वाली महिलाओं से सोने की चैन व लॉकेट छीना-झपटी कर छीन लिए थे। पुलिस इस पूरे मामले की इंवेस्टिगेशन में जुटी हुई है। आपको बता दें कि इस पूरे मामले में नारवा खुर्द निवासी पीड़ित गोविंद सिंह राजपुरोहित ने खींवसर पुलिस थाने में एक रिपोर्ट पेश की और बताया कि नारवा में पिछले तीन दिनों से धार्मिक कार्यक्रम चल रहा है। इस कार्यक्रम में कुछ महिलाओं और दो लड़कों ने धार्मिक कार्यक्रम में पहुंची महिलाओं के गले से सोने के गहने चुरा लिए है। इस रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 303 (2) बी.एन.एस 2023 के तहत केस दर्ज कर मामले की इंवेस्टिगेशन शुरू की और अब इस मामले में पुलिस ने 4 महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।गिरफ्तार की गई महिलाओं से अन्य चोरी वारदातों को लेकर भी खींवसर थाना पुलिस गहन पूछताछ कर रही है। डीएसपी नारायण कुमार बाजिया ने बताया कि इस मामले में हमारी इंवेस्टिगेशन जारी है। अन्य आरोपियों के बारे में भी पूछताछ की जा रही है। धार्मिक कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के गले से सोने के गहने चुराने के आरोप में खींवसर थाना पुलिस ने 4 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दिल्ली के मदनगिरी इलाके में रहने वाली आरोपी नैना , दिल्ली के इंद्रपुरी में रहने वाली कविता उर्फ संध्या , दिल्ली के गोविंदपुरी में रहने वाली तुलसी और दिल्ली के इंद्रपुरी निवासी मुन्नी को गिरफ्तार किया है। सभी महिला आरोपियों से इस पूरे मामले में पूछताछ जारी है। दरअसल गांव के ठाकुरजी के मंदिर में 6 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम चल रहा था। इस धार्मिक कार्यक्रम के दौरान ही इन महिला आरोपियों ने ग्रामीण महिलाओं के गले से सोने के जेवरात चुराए थे।

# आखिरी फ्लाइट में आए नागौर के 215 हाजी



नागौर।(रॉयल पत्रिका) हज यात्रियों की राजस्थान की आखिरी फ्लाइट गुरुवार दोपहर 12:00 बजे जयपुर स्थित अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंची। इस आखिरी फ्लाइट में नागौर के बड़ी संख्या में हाजी शामिल रहे। नागौर जिला हज कमेटी के सदस्य तबरेज खान ने बताया कि इस्लाम के पांच फर्ज में से एक फर्ज हज जिंदगी में करना जरूरी होता है। इसी बात का ध्यान रखते हुए लोग हज के सफर पर जाते हैं। खान ने बताया कि कल गुरुवार को हज की आखिरी फ्लाइट थी इस फ्लाइट में 215 से ज्यादा हाजी राजधानी जयपुर पहुंचे। इस दौरान नागौर के भी काफी हाजी इसमें शामिल थे। हज से आने वालों में नागौर से मोहम्मद बुरान अली, हजन जन्नत बानो, हजन शबनम बानो, हजन सुमैया बानो, यह सभी नागौर के हाजी आज जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे , जयपुर एयरपोर्ट पर राजस्थान स्टेट हज कमेटी अध्यक्ष अमीन कागजी, राजस्थान मुस्लिम वक्फ बोर्ड चेयरमैन डॉक्टर खानु खान बुधवाली, राजस्थान स्टेट हज कमेटी के जिला सदस्य तबरेज खान, हज कमेटी ईओ महमूद खान, हज कमेटी के नागौर जिला संयोजक मोइनुद्दीन शेख वह हज कमेटी के पदाधिकारी गण, ने सभी हाजियों ने एक दूसरे को मुबारकबाद दी।

# सांचौर के एक दर्जन दलाल और 20 अभ्यर्थी SOG के रडार पर

सांचौर। पेपर लीक प्रकरण के मुख्य आरोपी जगदीश जाणी का मुख्य हैंडलर ओम प्रकाश ढाका व सुनील बेनीवाल की गिरफ्तारी के बाद दोनों से एसओजी की टीम लगातार पूछताछ कर रही है। इसमें दोनों आरोपियों ने एसओजी को 1 दर्जन से ज्यादा मध्यस्थता करने वालों के साथ अभ्यर्थियों के बारे में बताया है। इसमें 2018 से 2022 तक 5 साल में 11 भर्तियों में लिप्तता की बात सामने आई है। इसके अलावा ओमप्रकाश के घर की तलाशी में भी महत्वपूर्ण जानकारी एसओजी के हाथ लगी थी। जिसके बाद अब सांचौर जिले के 20 से ज्यादा अभ्यर्थियों की तलाश एसओजी को है। यह सभी अलग-अलग प्रतियोगी परीक्षा में पेपर आउट करके या ऑन सीट दूसरे को परीक्षा में बिठाने के कार्य में लिप्त है। इसके चलते अब यह आरोपी एसओजी के रडार पर है। इसमें से कुछ आरोपी तो सेकेंड ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा का पेपर आउट करके बस में पढ़ने के आरोप में उदयपुर पुलिस ने चलती बस से गिरफ्तार भी किया था। हालांकि इस बारे में एसओजी ने किसी का नाम बताने से इनकार किया है। एसओजी के सूत्रों के अनुसार बीते 5 साल में हुए प्रतियोगी परीक्षाओं में जगदीश जाणी ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर पेपर आउट करके मुख्य हैंडलर ओम प्रकाश ढाका व सुनील बेनीवाल के जरिए सांचौर व बाड़मेर जिले के अभ्यर्थियों को दलालों के जरिए बांटा था। अब दोनों आरोपियों से पूछताछ में कई रसूखात वाले लोग शामिल हैं। ऐसे में एसओजी द्वारा जल्दी इन आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

**करोड़ों रुपए कमाए, इन भर्तियों में गड़बड़**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ढाका व बेनीवाल ने पेपर लीक करने के मुख्य आरोपी जगदीश से लाइब्रेरियन भर्ती 2018, जेईएन सिविल डिग्री 2018: रीट लेवल-2 2021, कांस्टेबल भर्ती 2018 परीक्षा, कांस्टेबल भर्ती 2022, हाईकोर्ट एलडीसी भर्ती मार्च 2022, एसआई भर्ती 2022, सीएचओ भर्ती 2022, वनरक्षक भर्ती 2020, डिस्कॉम की तकनीकी हेल्पर भर्ती 2022 व द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा-2022 पेपर खरीद कर सैकड़ों अभ्यर्थियों को दलालों के जरिए बेच कर करोड़ों की संपत्ति खड़ी की। साथ ही इस मामले में दूसरे जिले के आरोपियों की भी गिरफ्तारी हो सकती है। हालांकि ये साफ नहीं हुआ है। एसओजी की ओर से आरोपियों के नाम आउट नहीं किए गए हैं।

**आधा दर्जन सरकारी कर्मचारी पर भी संदेह**

ढाका व बेनीवाल से पूछताछ में आधा दर्जन सरकारी कर्मचारियों के नाम आए हैं जो फर्जीवाड़ा कर नौकरी पर लगे हैं। ऐसे में एसओजी जल्द इन कार्मिकों को गिरफ्तार कर सकती है। ऐसे में जिले के आरोपियों में हड़कंप मचा हुआ है। बस प्रकरण के आरोपी भी शामिल सेकेंड ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा 22 का पेपर आउट करने के मामले में उदयपुर पुलिस ने 50 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इन आरोपियों ने पूछताछ में मध्यस्थता करने वालों की सूची उदयपुर पुलिस को दी थी। इसके बाद यह मामला उदयपुर पुलिस से एसओजी को दे दिया गया। ऐसे में एसओजी इससे पहले के बस प्रकरण में लिप्त आरोपियों के लिए भी जोधपुर यूनिट की मदद ले रही है।

# हिंदुस्तान जिंक को सेरेंटिका रिन्यूएबल्स के 180 मेगावाट सौर पार्क से हरित बिजली आपूर्ति शुरू

## -बीकानेर में 180 मेगावाट का सौर पार्क सेरेंटिका की पहली परियोजना कमीशनिंग मील का पत्थर



नई दिल्ली/उदयपुर। वैश्विक ऊर्जा स्वतंत्रता दिवस पर, भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक ने सेरेंटिका से नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण के पहले चरण की शुरुआत की घोषणा की। सेरेंटिका रिन्यूएबल्स, देश में सी एंड आई केंद्रित अक्षय ऊर्जा में अग्रणी है। अक्षय ऊर्जा का उपयोग राजस्थान में हिंदुस्तान जिंक की परिचालन व्यावसायिक इकाइयों के लिए किया जा रहा है। एस एंड पी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2023 के अनुसार विश्व की सबसे सस्टेनेबल धातु और खनन कंपनी के रूप में मान्यता प्राप्त, यह पहल इसके संचालन को डीकार्बोनाइज करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। हिंदुस्तान जिंक ने अपने प्रमुख व्यावसायिक इकाइयों में परिचालन विश्वसनीयता और स्थिरता सुनिश्चित करते हुए 450 मेगावाट राउंड-द-क्लॉक (आरई-आरटीसी) बिजली की आपूर्ति के लिए सेरेंटिका के साथ पावर डिलीवरी एग्रीमेंट (पीडीए) किया है। दोनों पक्षों के बीच एमओयू के हिस्से के रूप में, सेरेंटिका ने हिंदुस्तान जिंक को 180 मेगावाट सौर ऊर्जा की आपूर्ति शुरू कर दी है। यह वेदांता समूह में अपनी तरह की पहली पहल है। जबकि हिंदुस्तान जिंक के पास 40.57 मेगावाट सौर ऊर्जा की मौजूदा कैप्टिव सौर ऊर्जा क्षमता है और यह अपनी बाकी बिजली की जरूरत के लिए पारंपरिक ईंधन स्रोतों पर निर्भर है, सेरेंटिका की यह अक्षय ऊर्जा कंपनी के समग्र ऊर्जा मिश्रण में अक्षय ऊर्जा की मात्रा बढ़ाएगी। यह स्थिरता और स्वच्छ ऊर्जा एकीकरण के लिए अपनी चल रही प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस पहल का उद्देश्य सालाना लगभग 0.45 मिलियन टन कार्बन उत्सर्जन को कम करना है। सेरेंटिका का बीकानेर पावर पार्क इसकी राउंड-द-क्लॉक रणनीति का एक अभिन्न अंग है, जिसमें बहु-स्थान सौर और पवन ऊर्जा प्रतिष्ठान शामिल हैं। 1,200 एकड़ में फैला, यह 180 मेगावाट का सौर पार्क, आगामी पवन पार्क के साथ, हिंदुस्तान जिंक के संचालन के लिए एक सुसंगत और विश्वसनीय हरित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगा।

हिंदुस्तान जिंक के मुख्यकार्यकारी अधिकारी एवं वेदांता के कार्यकारी निदेशक अरुण मिश्रा ने कहा कि, "हिंदुस्तान जिंक में स्थिरता हर व्यावसायिक निर्णय को आकार देने वाला मार्गदर्शक सिद्धांत है। हम अपने जलवायु कार्रवाई पहलों में निवेश करने में सक्रिय हैं, 2050 तक या उससे पहले नेट जीरो की अपनी यात्रा पर आगे बढ़ रहे हैं। यह परियोजना न केवल पारंपरिक ईंधन पर हमारी निर्भरता को कम करेगी और हमारे कुल पर्यावरणीय पदचिह्न को कम करेगी, बल्कि हमारे संचालन को डीकार्बोनाइज करने की दिशा में हमारे परिवर्तन में भी सहायता करेगी, जिससे पूरी तरह से संधारणीय भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा।" इस उपलब्धि पर सेरेंटिका रिन्यूएबल्स के सीईओ अक्षय हीरानंदानी ने कहा कि, "बीकानेर में चरण 1 (सौर) की सफल और समय से पहले कमीशनिंग भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन में तेजी लाने के लिए सेरेंटिका की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। यह परियोजना बड़े पैमाने पर उद्योगों को डीकार्बोनाइज करने के लिए बड़े पैमाने पर अक्षय ऊर्जा समाधान प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करती है। हम पवन पार्क को पूरा करने और अपने ग्राउंडब्रेकिंग मल्टी-लोकेशन हाइब्रिड मॉडल की पूरी क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए तत्पर हैं।" वर्ष 2022 में, हिंदुस्तान जिंक भारत को नेट जीरो बनाने के वैश्विक आंदोलन में शामिल हुआ और 2030 तक कार्बन फुटप्रिंट (स्कोप 1 और 2) में 50 प्रतिशत की कमी और अक्षय ऊर्जा की ओर पहल कर 2050 तक कार्बन तटस्थता प्राप्त करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया। हिंदुस्तान जिंक ने प्रत्येक वर्ष उत्पादन में वृद्धि करते हुए परिचालन क्षमता और उन्नत तकनीकों के उपयोग के माध्यम से आधार वर्ष 2020 की तुलना में जीएचजी (ग्रीनहाउस गैस) उत्सर्जन तीव्रता में 14 प्रतिशत की कमी दर्ज की। कंपनी की ऊर्जा प्रबंधन से पंतनगर मेटल प्लांट में अपने परिचालन को 100 प्रतिशत हरित ऊर्जा पर संचालित कर रहा है। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने अपनी भूमिगत खदानों में बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) का उपयोग शुरू किया हैं।

# प्रभारी मंत्री ने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों से पूछा रोडमैप



पाली । पाली जिले के प्रभारी मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने राज्य के परिवर्तित बजट में जिले के लिए की गई घोषणाओं के संबंध में रविवार को जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर घोषणाओं को धरातल पर साकार करने के लिए रोडमैप पूछा। प्रभारी मंत्री खर्रा ने जिला परिषद सभागार में आयोजित बैठक में एक-एक कर सभी विभागों से संबंधित घोषणाओं और योजनाओं की जानकारी ली और टाइमलाइन निर्धारित करते हुए जल्द से जल्द बजट घोषणाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने बिजली, सार्वजनिक निर्माण विभाग, चिकित्सा विभाग, पीएचईडी, जल संसाधन आदि विभागों के अधिकारियों से बजट घोषणाओं के संबंध में जानकारी ली और घोषणाओं के संबंध में अब तक की गई कार्रवाई और आगामी कार्य योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में कोई ढिलाई नहीं बरती जाए। इसकी नियमित रूप से मॉनीटरिंग की जाएगी और यदि कोई भी इश्यू हो, तो तुरंत संज्ञान में लाया जाए। उन्होंने जिले में सभी विभागाधिकारी कार्ययोजना तैयार कर अपने विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं का तय समायसीमा में क्रियान्वन एवं भूमि आवंटन सुनिश्चित करें ताकि आमजन को जल्द से जल्द लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बजट में सभी वर्गों के कल्याण के लिए की गई घोषणाओं को धरातल पर लागू लागू जाए। नवीन चिकित्सा संस्थानों, शिक्षण संस्थानों, राजकीय कार्यालयों आदि के लिए भूमि को जल्दी से जल्दी चिन्हित कर निर्माण कार्य शुरू किया जाए। दिव्यांग जनों के लिये बजट घोषणाओं का क्रियान्वन करते हुए उन्हें त्वरित राहत पहुंचाई जाए। जिले में खेल, खिलाड़ियों और आमजन में स्वास्थ्यपरक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिये आवश्यक कदम उठाए जाएं। स्थानीय मौसम के अनुसार एवं औषधीय गुणों वाले पौधों को वरीयता देते हुए वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाए। बैठक में पाली ,सांसद , पी पी चौधरी ने विभागों को बिन्दओं पर आवश्यक निर्देश दियें। साथ ही मारवाड , विधायक केसाराम , सोजत विधायक , शोभा चौहान ने भी अपने क्षेत्र के बारे में अपनी बात को रखा।

# ए आई ए आई एन कंप्यूटर सेंटर की शुरुआत की गई



नागौर। (रॉयल पत्रिका) Al Ain कोचिंग एंड कंप्यूटर सेंटर जिसकी ओपनिंग 12 जुलाई 2024 बाद नमाजे जुमुआ ओलमा ऐ इकराम के मुकद्दस हाथों से हुई जिसमें उपस्थित हजरात हजरत अल्लामा मौलाना अबू बकर साहब किबला बासनी और हजरत मौलाना इमरान साहब और और इसके अलावा सदर दरगाह सूफी साहब हाजी शमशेर खान उर्फ मुन्ना भाई और मास्टर सगीर आलम साहब मास्टर दिलदार साहब जनाब असलम साहब वगैरा की मौजूदगी में एक शानदार तरीके से इस एजुकेशन प्लेटफार्म का आगाज हुआ। यह सेंटर हमने इस प्रपज से तैयार किया स्टूडेंट हर तरह के एजुकेशन प्लेटफार्म पर अपनी आसानी से यहां पर तैयारी कर सके और यहां का माहौल देखते हुए बच्चों की दूरी देखते हुए इस तरह के प्लेटफार्म हर जगह होने चाहिए और हम यहां खास तौर से जो बच्चे वीक रह जाते हैं कमजोर रहते हैं तो हम यहां पूरी कोशिश करेंगे कि उनको उस सब्जेक्ट में अच्छे से तैयारी करने का मौका मिल सके और वह अपनी पढ़ाई को अच्छे से अंजाम दे सकें जो हार्ड सब्जेक्ट होते हैं। उसे माहिर टीचर्स की रिसर्च से उन बच्चों पर विशेष तौर से ध्यान दिया जाएगा और बोर्ड एग्जाम के ऑल सब्जेक्ट 5 फाइव क्लास से 12th तक सिलेबस का अध्ययन विशेष तौर से कराया जाएगा और हमने इसमें कंप्यूटर सेंटर की भी सुविधा रखी है जिसमें बच्चे बेसिक कोर्स ऑल कोर्सेज विशेष टाइपिंग और कंप्यूटर जैसी एजुकेशन से भी फायदा उठा सकते हैं और हर सप्ताह स्टूडेंट की जांच भी होगी। टेस्ट के जरिये जो जिसमें कमी दिखेगी उसमें उसको विशेष अध्ययन कराया जाएगा और ईमित्र की सुविधा भी उपलब्ध है जिसमें सारे सरकारी काम किए जाते हैं।

# लंबे इंतजार के बाद मेघा हुए मेहरबान



नागौर। (रॉयल पत्रिका) शहर के लोगों के लिए राहत भरा रहा। पिछले कई दिनों से लगातार बेसब्री से लोग बारिश का इंतजार कर रहे थे। अचानक बदले मौसम के बीच तेज गर्मी और उमस के बीच में झमाझम बारिश का दौर चला। बच्चें, लोगों ने झमाझम बारिश में भीग कर, नहा कर गर्मी से राहत पाई। लगातार 20 से 25 मिनट तक झमाझम हुई बारिश से शहर के मुख्य चौराहे, वार्डों और क्षेत्रों में जगह-जगह पानी का भराव नजर आया। जहां एक तरफ गर्मी और उमस से लोगों को राहत मिली। तो वह दूसरी ओर वल्लभ चौराहे और ए रोड सड़क मार्ग और शिववाडी रोड पर पानी का भराव होने से वहां चल को आमजन को परेशानियां भी उठानी पड़ रही हैं। कई गांवों में भी बारिश के समाचार मिल रहे हैं। बारिश के बाद किसान खेतों में बुवाई कर सकेंगे। झमाझम बारिश से शहर की सफाई व्यवस्था और नालों की सफाई और अन्य कार्यों की पोल खुल गई।प्रमुख चौराहे और क्षेत्रों में पानी का भराव नजर आया। नगर पालिका प्रशासन को जरूरत है कि नालों की बारिश से पहले सफाई हो। सफाई व्यवस्था दुरुस्त हो तो आने वाले दिनों में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

# नागरिक हितों की सुरक्षा में पत्रकारिता की भूमिका सर्वविदित: कुमार अजय

## -इंडियन फैडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट (आईएफडब्ल्यूजे) के नवनियुक्त अध्यक्ष अमित तिवारी एवं कार्यकारिणी का सम्मान,

## -तिवारी ने कहा- पत्रकार हितों की सुरक्षा के लिए सदैव रहेंगे तत्पर

**एम ए पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका) जिला मुख्यालय पर इंडियन फैडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट (आईएफडब्ल्यूजे) के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अमित तिवारी एवं



कार्यकारिणी का सम्मान समारोह स्थानीय सूचना केंद्र में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एडीपीआर कुमार अजय ने कहा कि राज्य सरकार पत्रकार हितों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है तथा इसी दृष्टिकोण से बजट में राजस्थान जर्नजिस्ट हैल्थ स्कीम लागू करने के साथ-साथ अधिस्वीकरण के लिए अनुभव तथा उम्र में शिथिलन दिया गया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया को चौथा स्तंभ माना गया है और नागरिक हितों की सुरक्षा में पत्रकारिता की भूमिका सर्वविदित है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता के समक्ष अनेक चुनौतियां है, इन चुनौतियों से निपटने के लिए पत्रकारों को अपनी स्थिति में मंथन करते हुए खुद को मजबूत करना होगा। संगठन के निवर्तमान जिलाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र शर्मा ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा जताई कि पत्राकार हितों की दिशा में यह कार्यकाल अधिक बेहतर साबित होगा। उन्होंने कहा कि सभी पत्रकार आपसी समन्वय एवं सहयोग से काम करेंगे तो निश्चय ही एक बेहतर परिदृश्य सामने आएगा। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने पत्रकार हितों की सुरक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि उनकी यह कोशिश रहेगी कि सभी पत्रकार साथियों को साथ लेकर चलें और एक सामूहिक नेतृत्व के आधार पर बेहतर कार्य हो। उन्होंने सभी पत्रकारों से सहयोग की अपेक्षा जाहिर करते हुए कहा कि पत्रकार हितों की सुरक्षा के लिए उन्हें जो भी करना होगा, करेंगे। नवनियुक्त उपाध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि कोई भी संगठन तभी जीवंत होता है, जब संगठन से जुड़े सभी लोग सकारात्मक भाव से एक साथ, एक सूत्र में रहकर काम करें। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर काम करेंगे तो सभी चुनौतियों से निपट पाएंगे। सहायक जनसंपर्क अधिकारी मनीष कुमार ने पत्रकारिता एवं जनसंपर्क के विभिन्न आयामों पर चर्चा की और कहा कि हम सभी एक दूसरे के लिए पूरक की भूमिका में रहेंगे तो बेहतर व्यवस्था का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी योजना को अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाने में पत्रकारों की अहम भूमिका है। वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र शेखावत ने विभिन्न समस्याओं और जरूरतों पर प्रकाश डाला। इस दौरान जगदीश पंवार, नरेश भाटी, चूरू तहसील अध्यक्ष ललित चौहान, सुनील मेघवाल झारिया ने भी विचार व्यक्त करते हुए पत्राकार एकता पर बल दिया। कार्यक्रम में जगदीश सोनी, बजरंग सैनी, शैलेंद्र सोनी, मोहम्मद अली पठान,विजय चौहान, विजय सारस्वत, राहुल शर्मा, अख्तर मणियार, पंकज शर्मा, पुनीत सोनी, जितेश सोनी, नरेंद्र दीक्षित, शंकर कटारिया, महेंद्र सोनी, दीपक सैनी, आदित्य शर्मा, रामचंद्र गोयल, मंगेज सिंह राजावत, संजय गोयल, विजय रक्षक, बजरंगलाल मीणा सहित बड़ी संख्या में मीडियाकर्मी मौजूद थे।

**यह रहेगी नवीन कार्यकारिणी**

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि संगठन के प्रदेशाध्यक्ष उपेंद्र सिंह राठौड़ के निर्देशानुसार नवगठित जिला कार्यकारिणी में मनोज शर्मा को उपाध्यक्ष, कुंजबिहारी बिरमीवाला को सचिव, नरेश भाटी को कोषाध्यक्ष, संजय प्रजापत व आशुतोष उपाध्याय को प्रवक्ता बनाया गया है। वरिष्ठ पत्रकार जेपी जोशी, नरेंद्र शर्मा, देवराज लाटा, राधेश्याम चोटिया, मुरली बोचीवाल सलाहकार मंडल में रहेंगे। कार्यसमिति सदस्य के तौर पर शिवनंदन शर्मा, विजय सारस्वत, राहुल शर्मा, विजय चौहान, बजरंग सैनी, शैलेंद्र सोनी, नवरत्न प्रजापत को शामिल किया गया है। वरिष्ठ पत्रकार जगदीश सोनी एवं गिरधारी सैनी विशेष आमंत्रित सदस्य रहेंगे।

# मदरसा पीर की जाल के बच्चों ने पौधारोपण कर लिया ग्रीन राजस्थान का संकल्प



सांचौर। जिला मुख्यालय से मात्र 7 किलो मीटर दूरी पर स्थित दरगाह हजरत मख्दुम पीर डाडा अब्बनशाह रे. अ. के आस्ताने पर दारूल उलुम फैजे सरवरी उच्च प्राथमिक विद्यालय पीर की जाल में मदरसा के बच्चों ने नो बैग डे के अवसर पर विद्यालय परिसर में से कंटीली झाड़ियों को साफ करने के पश्चात पौधारोपण कर ग्रीन राजस्थान, क्लीन राजस्थान, ईको फ्रेंडली राजस्थान की शपथ विघार्थियों को दिलवाई गई। स्थानीय मदरसा विद्यालय के प्रधानाध्यापक हुसैन खॉ ने बताया कि राज्य सरकार के शिक्षा मंत्री के निर्देशानुसार प्रत्येक सरकारी विद्यालय में पौधारोपण मय उसका संरक्षण करने के संबंध निर्देशित किया गया था। जिसकी कड़ी में बच्चों के सहयोग से मदरसा विद्यालय परिसर में सफाई करने के बाद पौधारोपण का कार्य करके नो बैग डे का सदुपयोग किया गया। मौलाना हाजी इस्माईल अकबरी, मौलाना मीर मोहम्मद गुलजारी ने भी मदरसा के बच्चों को पौधारोपण कर मय उसका संरक्षण करने का निर्देश दिया। रोपण के तहत नीम, पीपल, बदाम और सरस के पौधों को लगाया गया।

# क्षतिग्रस्त कलक्ट्रेट कैम्पस का किया निरीक्षण



चूरू (रॉयल पत्रिका) जिला मुख्यालय पर प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत व प्रभारी सचिव भास्कर ए सांवत ने क्षतिग्रस्त कलक्ट्रेट कैम्पस का निरीक्षण किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रभारी सचिव सांवत व जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी से विचार -विमर्श उपरांत फिलहाल कलक्ट्रेट की शिफ्टिंग का कार्य करेंगे। प्रदेश सरकार की ओर से कलक्ट्रेट कैम्पस निर्माण हेतु 19 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है। शीघ्र ही कार्य शुरू किया जाएगा तथा राज्य स्तर से विचार-विमर्श करते समुचित निस्तारण किया जाएगा। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने प्रभारी मंत्री को मिनी सचिवालय प्रारूप में कलक्ट्रेट कार्यालय निर्माण करवाने हेतु स्वीकृति प्रदान करवाने की जरूरत बताई। इस दौरान विधायक हरलाल सहारण, पुलिस अधीक्षक जय यादव, एडीएम उत्तमसिंह शेखावत, सीईओ मोहनलाल खटनावलिया, एडीपीआर कुमार अजय, बंसत शर्मा, चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह, एपीआरओ मनीष कुमार, सानिवि एईएन चंचल सहित कलक्ट्रेट के कार्मिक उपस्थित रहे।

# दुगनी शक्ति के साथ समाज के बीच में जायेंगे मोर्चा के पदाधिकारी: जमाल सिद्दीकी

## -भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक हुई सम्पन्न




जयपुर। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक भाजपा प्रदेश कार्यालय में मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी रहें। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने बैठक को सम्बोधित करते हुये कहा कि मोर्चा के पदाधिकारियों को दुगनी शक्ति के साथ समाज के बीच में जाना है और उन्हें केन्द्र एवं राज्य सरकार की अल्पसंख्यक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देनी है।

मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने बैठक में मोर्चा की संगठनात्मक संरचना एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई व आगामी कार्यक्रमों और उप चुनाव की रूपरेखा तैयार की गई। मोर्चा के प्रदेश महामंत्री जावेद कुरैशी ने मंच संचालन किया एवं धन्यवाद भाषण ज्ञापित कर आने वाले अतिथियों और पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

बैठक में मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसैन ख़ान, पूर्व मोर्चा प्रदेशअध्यक्ष एम. सादिक खान, पूर्व दरगाह अजमेर कमेटी उप चेयरमैन मुन्नवर खान,प्रदेश उपाध्यक्ष अयूब ख़ान, जंग बहादुर, प्रदेश कोषाध्यक्ष जावेद कागज़ी,प्रदेश मंत्री मुराद अली, महबूब क़ुरैशी, विकार खान,आसिफ़ नकवी, प्रदेश आई.टी. इरशाद हसनपुरा, कार्यालय मंत्री उस्मान चौहान, सह कार्यालयमंत्री भागचंद जैन, जयपुर शहर ज़िलाध्यक्ष अज़ीज़ हाथीवाला, मोर्चा जयपुर शहर महामंत्री परवेज खान, मजीद पठान,सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# उत्तराखंड की मंगलोर विधानसभा उपचुनाव में राजस्थान के प्रभारी सचिव काजी निजामुद्दीन जीते



जयपुर। मंगलौर सीट पर उपचुनाव में काफ़ी हिंसा हुई,गोली चली, कई लोग घायल हुए, पोलिंग छोड़कर सभी को लेकर कांग्रेस उम्मीदवार काजी अस्पताल लेकर गए, इलाज की व्यवस्था करवाई,पुलिस ने मुस्लिम वोटिंग नहीं होने दी,फिर भी हिम्मत ना हारने वाले काज़ी निज़ामुद्दीन जीत गए हैं। जानकारी के अनुसार मंगलोर उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश की बॉर्डर विधानसभा है। यहाँ कांग्रेस और बसपा के बीच असली मुक़ाबला होता रहा है और भाजपा तीसरे नंबर पर रहती थी। यहाँ क़ाज़ी और हाजी करीम अंसारी के बीच पिछले चुनावों में कड़ी टक्कर हुई थी जिसमें 500 के क़रीब वोट से हाजी चुनाव जीत गए थे। उनका इंतक़ाल होने के चलते उपचुनाव हुए थे। कांग्रेस की ओर से क़ाज़ी मैदान में थे तो बसपा ने यहाँ से हाजी के बेटे मोंटी को उतारा था। वहीं भाजपा ने फ़रीदाबाद हरियाणा के करतार सिंह भड़ाना को प्रत्याशी बनाया था। काजी ने बीजेपी उम्मीदवार करतार सिंह को हराया है। काजी निजामुद्दीन कांग्रेस के राजस्थान के प्रभारी सचिव है।

# महिला बाल विकास शासन सचिव ने अच्छा काम करने वाले जिलों को किया सम्मानित

जयपुर । महिला एवं बाल विकास शासन सचिव डॉ. मोहनलाल यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) जिला उपनिदेशकों की मासिक समीक्षा बैठक निदेशालय महिला अधिकारिता परिसर में आयोजित की गई। डॉ. मोहनलाल यादव ने विभागीय समीक्षा बैठक में जून महीने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिसमें श्री गंगा नगर उप निदेशक श्रीमती सुमित्रा विश्नोई को प्रथम स्थान, बीकानेर उप निदेशक सुभाष विश्नोई को द्वितीय स्थान एवं झुंझुनू उप निदेशक बिजेंद्र राठौड़ को तृतीय स्थान पर बेहतर कार्य किये जाने के लिए सम्मानित किया। इसके साथ ही उपनिदेशक भीलवाड़ा नगेंद्र तोलम्बिया, पाली उपनिदेशक राजेश कुमार एवं दौसा उप निदेशक = विजय कुमार को भी अच्छे प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। महिला एवं बाल विकास शासन सचिव ने निदेशालय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले कार्मिकों में उपनिदेशक डॉक्टर मंजू यादव उपनिदेशक तेज प्रकाश अग्निहोत्री,संयुक्त परियोजना समन्वयक ओमप्रकाश सैनी एवं महिला पर्यवेक्षक श्रीमती सुमन यादव को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

शासन सचिव ने सभी जिला उपनिदेशकों को निर्देश दिए कि आंगनबाडी केंद्रों पर, खुद के भवन निर्माण, उन पर विद्त कनेक्शन तथा वहां पानी का कनेक्शन किये जाने तथा वहां शौचालयों का निर्माण के कार्यों को गति प्रदान करें। डॉ. मोहनलाल यादव ने निर्देश दिए कि राजकीय कार्यालयों एवं आंगनबाडी केंद्रों पर जल संरक्षण, जल संचयन तथा जल सुरक्षा के सम्बन्ध में आवश्यक प्रयास करें। उन्होंने प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर 20 पौधरोपण करवाये जाने के निर्देश दिए। बारां, करौली एवं धौलपुर में पोषण वाटिका की प्रगति पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।




# रामगंज में ATM तोडकर एवं पासवर्ड नंबर लगाकर 15 लाख 19 हजार रूपये चुराने वाले गिरोह का पुलिस ने 48 घण्टे में किया खुलासा

## -एटीएम से रूपये चोरी करने वाला रोहिताश कुम्हार को अलवर से व उसका साथी रोहिताश सिंह को हरियाणा से किया गिरफ्तार

## -मुल्जिमानो के क जे से एटीएम से चोरी किये हुए 15 लाख 19 हजार रूपये किये बरामद



जयपुर।(रॉयल पत्रिका) 10 जुलाई को परिवादी आशीष कुमार पुत्र बद्रीनारायण जाती मीणा उम्र 39 साल निवासी गांव डोला का बास थाना कालाडेरा जिला जयपुर ग्रामीण हाल वरिष्ठ प्रबंधक सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया चांदपोल जयपुर ने थाने में उपस्थित होकर एक रिपोर्ट इस आशय की पेश कि की हमारी शाखा का ATM ID- SCDDO42801 जो की हीदा की मोरी रामगंज मार्केट में स्थित है। दिनांक 10/07/2024 को प्रातः लगभग 6.00 बजे ATM के ई- सर्विलांस सिस्टम द्वारा सूचना मिली की ATM के अन्दर संदिग्ध व्यक्ति द्वारा ATM में छेडखानी की जा रही है। घटनास्थल पर पहुँचकर ATM मशीन को ATM मशीन CRA की उपस्थिति में खोला गया जिसमें पाया गया की रूपये 1520300/- मय तीन कैसेट कम है। चूंकि ATM मशीन में किसी भी तरह की तोडफोड एवम नुकसान नही देखा गया। अतः प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि ATM मशीन में नकदी चोरी करने के लिए पासवर्ड से ATM M/C को खोलकर रूपये मय कैसिट चोरी किये है। ATM मशीन दो पासवर्ड लगाकर खोली जाती है। जिस पर थाना रामंगज पर अभियोग संख्या 338/2024 धारा 303(2) BNS दर्ज कर अनुसंधान आरम्भ किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डुडी आईपीएस ने बताया कि जयपुर शहर में चोरी की बढती वारदातों पर रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश प्राप्त हुए थे। प्राप्त निर्देशों के मध्य नजर एवं थाना रामगंज क्षेत्र में दिनांक 10.07.2024 को प्रातः काल सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया के ATM से रूपये चुराकर ले गये। उक्त चोरी की वारदात को अन्जाम देने वाले मुल्जिमान की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी हेतु श्रीमती रानू शर्मा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर प्रथम के सुपरविजन मे एंव हरिशंकर शर्मा सहायक पुलिस आयुक्त रामगंज जयपुर उत्तर के निर्देशन मे उदय सिंह पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना रामंगज जयपुर उत्तर के नेतृत्व में टीमे गठित की गई।

विजय सिंह सहायक उप निरीक्षक

डुंगरसी कानि. 9895,दिनेश कानि. 10134, साबिर कानि. 5138, रामलाल कानि. 6441, तेजाराम कानि. 917, मो. साजिद कानि. 6181, रोशन कुमार कानि. 9137, घनश्याम कानि. 9361, धर्मेन्द्र हैड कानि. 2096 थाना गलता गेट जयपुर उत्तर, विनोद कानि. 7676, कुलदीप कानि. 9158, मनोज कुमार कानि. 7197 कार्यालय साईबर सैल जयपुर उत्तर गठित टीम द्वारा चोरी की वारदात को अन्जाम देने वाले मुल्जिमान की पतारसी के संबंध में घटना स्थल व आस पास के करीब 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर विश्लेषण किया गया एवं आसुचना संलकलन कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले मुल्जिमान को चिन्हित किया गया। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज से घटना कारित करने वाले बदमाशो की पहचान करवाई गई। घटना कारित करने वाले बदमाशों के कपडे, जुते एवं हेलमेट के आधार पर रूट मेप तैयार किया जाकर संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। दौराने तलाश टीम द्वारा अथक प्रयास कर मुल्जिमानों की पतारसी कर मुल्जिमानों को गिरफ्तार किया गया व माल मशरूका बरामद किया गया। मुल्जिमानो द्वारा की गई अन्य वारदात के बारे में पुछताछ की जा रही है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त रोहिताश कुम्हार पुत्र गुरगन जाति कुम्हार उम्र 25 साल निवासी गांव बिजवाड़ थाना मालाखेड़ा जिला अलवर और रोहिताश सिंह पुत्र बजरंग सिंह जाति राजपूत उम्र 25 साल निवासी गांव चिमरावली गोड़ थाना लक्ष्मणगढ़ जिला अलवर हाल किरायेदार लोकेश सिंह का मकान गांव चिराडा थाना कसोला चौक जिला रेवाड़ी हरियाणा

मुल्जिमानो के कब्जे से चोरी किये हुए रूपये 15 लाख 19 हजार रूपये मय तीन कैसेट को बरामद किया गया है।













मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए डीबी प्रिंट सोल्यूशन्स (यूनिट ऑफ डीबी कॉर्प लि.) 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886, G-mail : royalpatrika@gmail.com, Yahoo : royal_patrika@yahoo.com